


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, शनिवार 16 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-257 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### ट्रक और कार में टक्कर, 6 की मौके पर ही मौत

**नागपुर,16 दिसंबर।** महाराष्ट्र के नागपुर में दर्दनाक सड़क हादसे 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. बताया जा रहा है कि नागपुर के काटोल के टोनखाम गांव के पास ट्रक और कार में जोरदार टक्कर हुई. इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल है. घायल शख्स को नागपुर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. मिली जानकारी के मुताबिक, यह हादसा रात 1:30 बजे के आसपास हुआ. टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉपियो में बैठे 6 लोगों की मौत हो गई. मरने वाले सभी



लोग एक ही गांव के रहने वाले थे. बता दें कि महाराष्ट्र के लोक निर्माण मंत्री दादा भुसे ने बीते शुक्रवार को राज्य विधान परिषद को बताया कि एक साल पहले नागपुर-मुंबई समृद्धि एक्सप्रेसवे के पहले चरण के उद्घाटन के बाद से अब तक इस पर हुए सड़क हादसों में कम से कम 142 लोगों की मौत हो चुकी है. लोक निर्माण मंत्री एक्सप्रेसवे पर दुर्घटनाओं की उच्च आवृत्ति के बारे में एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे. मंत्री ने सदन को बताया कि उद्घाटन के बाद से एक्सप्रेसवे पर कम से कम 73 बड़ी दुर्घटनाएं हुईं और 142 लोगों की मौत हो गई.

## रायपुर आरटीओ में बाबुओं की मनमानी, हाईकोर्ट नाराज

### सालों से जमे कमर्चारियों के तबादले का दिया आदेश

**बिलासपुर,16 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बाबुओं की मनमानी पर रायपुर के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को जमकर फटकार लगाई है. इसके साथ हुए वर्षों से एक ही जगह पर जमे कमर्चारियों के



तबादला का आदेश दिया है. आदेश का परिपालन करने के बाद जानकारी देने का निर्देश दिया है. मामले की सुनवाई के दौरान पीड़ित के अधिवक्ता ने बताया कि रायपुर के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में पदस्थ क्लर्क की मनमानी चलती है. वर्षो से एक ही जगह पर जमे हुए हैं, और मनमानी करते हैं. कामकाज पर ध्यान नहीं देते. पीड़ित के साथ मारपीट की और उसी के खिलाफ ही झूठी शिकायत के आधार पर जुर्म दर्ज करा दिया है. अधिवक्ता की जानकारी के बाद हाईकोर्ट ने खमतराई थाना प्रभारी, रायपुर के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी व राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया था. मामले की सुनवाई जस्टिस एनके व्यास के सिंगल बेंच में हुई. जस्टिस व्यास ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कीतिर्मान राठौर को जमकर फटकार लगाई है. कोर्ट ने वर्षो से एक ही जगह पर जमे स्टाफ को तत्काल प्रभाव से बदलने का आदेश दिया है. वहीं खमतराई थाना प्रभारी की अनुपस्थिति को लेकर कोर्ट ने नाराजगी जताई . राज्य शासन के अधिवक्ता ने बताया कि वीआइपी ड्यूटी में होने के कारण कोर्ट में उपस्थित नहीं हो पाए. अधिवक्ता की जानकारी के बाद कोर्ट ने जवाब के लिए मोहलत दी.

### सीएसपी को हाईकोर्ट की फटकार

बिलासपुर,16 दिसंबर। बिलासपुर के सिविल लाइन सीएसपी संदीप पटेल को जमीन मामले में सुनवाई के दौरान पुलिसिया जांच को लेकर हाईकोर्ट ने जमकर फटकार लगाई है. एफआईआर दर्ज न किए जाने से नाराज जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास ने कहा, कि पुलिस जांच और एफआईआर में गड़बड़ी करती है. मामले में कुछ नेताओं का नाम सामने आने के बाद हाईकोर्ट ने पूछा पुलिस पर कहीं कोई राजनैतिक प्रेशर तो नहीं था. हाईकोर्ट के जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास ने तल्ख टिप्पणी की, और कहा कि इस मामले में मैंने कारर्वाई करते हुए लिख दिया तो परेशानी में आ जाओगे. दरअसल सिद्धांत नागवंशी आत्महत्या मामले को लेकर पुलिस शुरुआत से ही सुखियों में रही है, मामले में 23 महीने बाद नया मोड़ आया है. मृतक सिद्धांत नागवंशी के पिता वीरेन्द्र नागवंशी कुम्हारपारा निवासी अपने बेटे की मौत के रहस्यों को जानना चाहते हैं. मृतक के पिता वीरेंद्र नागवंशी को जब 22 महीने बाद भी पुलिस से अपने बेटे के मौत के कारणों का पता नही चल सका, तो उन्होंने हाईकोर्ट में शरण ली. हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता और तथ्यों को देखकर सुनवाई के दौरान पुलिस को कड़ी फटकार लगाई है. जिसके बाद सीएसपी ने कोर्ट से जुर्म दर्ज करने की बात कही.

बता दें कि सिद्धांत नागवंशी के गहरे संबंध विवादित जमीन संबंधित कार्य करने वाले शहर के नामचीन लोगों से थे, उनके बैंक खातों और जमीन संबंधित इकरारनामा की प्रतिलिपि के तार शहर के नामचीन लोगों से जुड़े हुए है. वीरेन्द्र नागवंशी के मुताबिक घटना के एक दिन पहले सिद्धांत नागवंशी अपने निवास से 10-10 लाख के दो चेक लेकर अपने साथी फैजान खान के साथ मीनाक्षी बंजारे से मिलने गए, मीनाक्षी बंजारे से जमीन संबंधित लेनदेन में गड़बड़ी के बाद लोगों के देनदारी की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करना बता रहे है. शहर के दीपेश चौकसे और कांग्रेस नेता अकबर खान संगीन आरोप लगा रहे है. इस मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास ने कहा, कि मामले में पुलिस ही फैसला करने वाली बन रही है. यह काम कोर्ट का है, पुलिस का नहीं. जस्टिस श्री व्यास ने सीएसपी पटेल से कहा, कि इतना ही फैसला करने का शौक है, तो वर्दी उतारकर वकालत शुरू कर दीजिए और फैसला कीजिए.

## सांसद सोनी ने किया फुट ओवरब्रिज का लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर।** रेल यात्रियों के सुविधा के लिए रायपुर रेलवे स्टेशन पर नया फुट ओवरब्रिज बनाया गया है. इससे अब यात्री किसी भी प्लेटफार्म पर पहुंच सकते हैं, यानी प्लेटफार्म एक से सात तक सभी में जा सकेंगे. नए फुट ओवरब्रिज का आज लोकार्पण हुआ. कार्यक्रम में रायपुर सांसद सुनील सोनी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत शामिल हुए. फुट ओवरब्रिज का लोकार्पण करने के बाद सांसद सुनील सोनी ने कहा कि अब रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट से भी बेहतर है. ढाई साल में एक मॉडल स्टेशन में रूप में लोकार्पण कर देंगे. उन्होंने कहा कि रायपुर लोकसभा में 8 स्टेशन है, सब का काम तेजी से होगा. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शायराना ट्वीट पर सांसद



सोनी ने कहा, भूपेश बघेल अभी भी बेहोशी से बाहर नहीं निकले हैं, हमारे सीएम ने शपथ ले लिया है और एक मोदी गारंटी है. लगातार ट्रेनों के रद्द होने पर सुनील सोनी ने कहा कि, रेल अपडेट हो रहा है, आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के लिए बेहतर होगा.पिछली बार रेल विभाग को मात्र 300 करोड़ रुपए मिला था. 6 हजार करोड़ रुपए पीएम मोदी ने दिया है. वंदे भारत और दुरंतो जैसी ट्रेनें छत्तीसगढ़ में दौड़ेंगी. समय पर गंतव्य को पूरा करेंगे

## मुठभेड़ में नक्सली कैंप ध्वस्त

**बीजापुर,16 दिसंबर।** जिले के पेददा कोरमा के जंगलों में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है. मुठभेड़ में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली कैंप छोड़ भाग खड़े हुए. जहां जवानों ने नक्सल कैंप को ध्वस्त कर दिया है. वहीं कैंप से हुई. मुठभेड़ में जवानों ने माओवादियों का कैम्प ध्वस्त किया. साथ ही माओवादी कैंप से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, दवाईयां, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री, माओवादी साहित्य, माओवादी वर्दी और अन्य दैनिक



भारी मात्रा में विस्फोटक और दवाईयां समेत अन्य सामग्री बरामद की गई है. जानकारी के अनुसार, नक्सली कमांडर व गंगालूर एरिया कमेटी के सचिव दिनेश मोड़ियम, गंगालूर एलओएस कमाण्डर दुला कारम की मौजूदगी की सूचना पर ऑपरेशन के लिए डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ और कोबरा के जवान निकले थे. इस दौरान सुबह 8 बजे बीजापुर के पेददा कोरमा के जंगलों में गंगालूर एरिया कमेटी माओवादियों के साथ डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ और कोबरा 202, 210 के जवानों के साथ मुठभेड़ उपयोग की सामग्री बरामद किया गया है. वहीं आस पास के क्षेत्र में जवान सर्चिंग अभियान चला रहे हैं.

### चार नक्सली गिरफ्तार

कांकेर में पुलिस और सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। दो दिन पहले हुए आईईडी ब्लास्ट को अंजाम देने वाले 4 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। परतापूर इलाके के जंगलों से पुलिस ने दबोचा है। दो दिन पहले इसी इलाके में आईईडी ब्लास्ट में बीएसएफ का जवान शहीद हुआ था।

## अवैध निर्माण पर हुई बड़ी कार्रवाई

**धमतरी,16 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में नगर पालिक निगम के स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 37 में अवैध निर्माण पर बड़ी कारर्वाई की गई है। निगम आयुक्त विनय पोयाम एवं उपायुक्त पीसी सार्वा के निर्देश पर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का कार्य किया गया।अवैध निर्माण को तोड़ने से पहले कई बार अवैध निर्माण कर्ता को समझाईस दी जा चुकी थी तथा कई दफा नोटिस भी जारी किया गया था। इसके बावजूद निर्माणकर्ता ने निगम के चेतावनी तथा नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया। जबकि निर्माण से पहले निगम से अनुमति लेनी होती है इसका पालन निर्माण कर्ता के द्वारा नहीं किया गया। इसको देखते हुए निगम आयुक्त ने अवैध निर्माण को हटाने के लिए आदेश जारी किया।










एक नजर

## कटर से जानलेवा हमला

**भिलाई, 16 दिसंबर।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र के कचरू नगर मौहारी भाठा के पास एक अपचारी बालक ने एक नाबालिग पर कटर से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित और आरोपित के बीच दो दिन पहले विवाद हुआ था, जिसका बदला लेने के लिए आरोपित ने उस पर कटर से वार किया पीड़ित के दोस्तों ने बीच बचाव कर उसकी जान बचाई घटना की शिकायत पर उतई पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी कर गिरफ्तार कर उसे बाल संप्रेक्षण गृह भेजा है पुलिस ने कि गायत्री नगर डुंडेरा निवासी पीड़ित पंकज साहू (17) और 17 वर्षीय आरोपित के बीच 12 दिसंबर को विवाद हुआ था उस समय पीड़ित के भाई और दोस्तों ने बीच बचाव कर मामले को शांत करवा दिया ता सुबह करीब नौ बजे पीड़ित अपने दोस्त दीपक और विवेक के साथ घूमने के लिए गार्डन की तरफ गए थे। इसी दौरान आरोपित ने उसे कचरू नगर मौहारी भांठा के पास रोका और दो दिन पहले हुए विवाद को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपित ने अपने पास से कटर निकालकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। अपनी जान बचाने के लिए पीड़ित वहां से भागने लगा तो आरोपित ने उसे दौड़ाना शुरू कर दिया पीड़ित के दोस्तों ने बीच बचाव कर उसकी जान।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी के घर चोरी

**भिलाई, 16 दिसंबर।** भिलाई सेक्टर-छह निवासी एक बीएसएनएल के सेवानिवृत्त कर्मचारी के घर पर चोरी की घटना हुई है। अज्ञात ने आलमारी से चांदी के 29 सिक्के, 10 हजार रुपये नकद और एक जोड़ी जूता चोरी कर लिया पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी कर उसकी तलाश शुरू की है। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता दिलीप सिंह राजपूत बीते सात अक्टूबर को अपने परिवार के साथ अपने गृहग्राम बेरला गया हुआ था 14 अक्टूबर को उसके पड़ोसी ललित साहू ने उसे फोन कर जानकारी दी कि उसके घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है इस पर शिकायतकर्ता वापस अपने घर आया और देखा तो अंदर कमरे की आलमारी भी खुली हुई है अत्रात आरोपित ने आलमारी में रखे 29 नग चांदी के सिक्के 10 हजार रुपये नकद और एक जोड़ी जूते चोरी कर लिए चांदी के एक सिक्के के वजन 10 ग्राम था चोरी गए सामान की कुल कीमत 50 हजार रुपये आकी गई है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से नीतू का सपना हुआ पूरा

**दुर्ग, 16 दिसम्बर ।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग के गया नगर वार्ड क्रं. 4 की श्रीमती नीतू ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वित होते ही उन्होंने सर्वे में अपना नाम जुड़वाया और हितग्राही द्वारा आवास निर्माण के तहत् उन्होंने मात्र 8 माह में अपने पक्के घर का निर्माण कर लिया। कुल 29.00 वर्ग मीटर स्वीकृत कॉरपेट क्षेत्रफल में उन्होंने अपना पक्का घर बनाया है। प्रथम तल निर्मित इस घर हेतु इन्हें 04 किश्तों में 2.24 लाख राशि का अनुदान आधार लिंक्ड बैंक खाते में दिया गया। हितग्राही को सारी प्रक्रियाएं बिल्कुल नई और आश्चर्य से भरी हुई लगती है, क्योंकि उन्होंने नक्शा पास कराने किशत लेने हेतु किसी भी कार्यलय में भागमभाग नहीं की तथा 1 रूपए भी उन्हें अतिरिक्त नहीं खर्च नहीं करना पड़ा। उनके एवं उनके परिवार की वर्षो की आस पूरी हो गई। योजना से प्राप्त अनुदान के अतिरिक्त स्वयं की राशि लगाते हुए उन्होंने सर्वसुविधा युक्त आवास का निर्माण किया तथा आज अच्छे से जीवन निर्वहन कर रही हैं।

## ओडीएफ ग्राम पंचायतों को अभिनंदन पत्र वितरण

**दुर्ग, 16 दिसम्बर ।** दुर्ग जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसंबर से प्रारंभ हो गई है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत 128 ग्राम ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल की श्रेणी को प्राप्त कर चुके है। ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल ग्रामों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अभिनंदन पत्र का वितरण रथ प्रभारी द्वारा वितरण किया जाएगा। भारत सरकार के पोर्टल में रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाएगा। रथ प्रभारी के पास आई.डी. पासवर्ड होगा, जिससे रिपोर्ट केवल रथ प्रभारी द्वारा किया जाएगा, जो भी रिपोर्ट रथ प्रभारी दर्ज करेगा वहीं मान्य होगी। कोई पृथक रिपोर्टिंग पोर्टल नहीं होगा ना ही पृथक से कोई भी रिपोर्ट भारत सरकार द्वारा मान्य नहीं होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा रूट चार्ट अनुसार जिस दिन ग्राम पंचायत में रथ पहुंचे वहाँ अभिनंदन पत्र का वितरण करने के लिये निर्देश जारी कर दल गठित किया गया है। जब रथ ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल ग्राम पंचायत में पहुंचे तब अभिनंदन पत्र का वितरण सरपंच व पंच को ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल ग्राम पंचायत में ही अभिनंदन पत्र का वितरण किया जाएगा। साथ ही जिस भी ग्राम में रथ पहुंचे वहाँ न्यूनतम 02 हितग्राही मेरी कहानी मेरी जुबानी में अपना अनुभव साझा करेंगे। रथ प्रभारी के साथ प्रतिदिन की गतिविधि हेतु एस.बी.एम.जी. के नोडल की ड्यूटी लगाई गई है।

कृषि विभाग व जिले के नोडल के पास इसके आई.डी. व पासवर्ड जिसमें जिला स्तर पर रिपोर्ट देखी जा सकती है। मेरी कहानी मेरी जुबानी में व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक सोकपिट, व्यक्तिगत सोकपिट, सामुदायिक, व्यक्तिगत नाडेप, सेग्रिगेशन शेड की उपलब्धता, घर-घर कचरा संग्रहण एफ.एस.टी.पी., पी.डब्ल्यू.एम.यू. आदि से लाभ का अनुभव साझा कार्यो से लाभान्वित हितग्राही अपनी कहानी बता सकते है।

# दूसरों को सम्मान देने का गुण अच्छे संस्कारों से आता है: अनिल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 16 दिसंबर।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया के प्राचार्य अनिल कुमार गुप्ता को सेवानिवृत्ति पर संकुल स्तरीय विदाई समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं कृषि सभापति राकेश हिरवानी, सरपंच चंद्रभान सारथी, एसएमडीसी के प्रभारी अध्यक्ष जेपी दीपक, सदस्य दिनेश दीपक, मलेश निषाद, किरण भारद्वाज, एसएमडीसी सदस्य व शौर्य युवा संगठन के सचिव आदित्य भारद्वाज, ग्रामीण सीएल चंद्राकर, शौर्य संगठन कोषाध्यक्ष रवि साहू, शिक्षा विभाग सह प्रभारी ममता साहू, मनोवैज्ञानिक एवं काउंसलर शैलेष चंद्राकर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया प्रभारी प्राचार्य नीलमणि उज्जवने, संकुल प्रभारी राहुल सोनटेके, मिडिल स्कूल कोड़िया हेडमास्टर सुधा राय, प्राथमिक स्कूल कोड़िया हेडमास्टर नीता शर्मा, प्राथमिक स्कूल कोकड़ी संदीप यादव, भानपुरी मीडिल स्कूल हेडमास्टर रत्ना मिश्रा सहित संकुल केंद्र कोड़िया के शिक्षक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

व्याख्याता प्रीतम देवांगन ने पूर्व प्राचार्य अनिल कुमार गुप्ता के जीवन एवं प्रशासनिक कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा गुप्ता सर जी शुरुआत से ही अपने अनुशासन एवं उत्कृष्ट शिक्षण के लिए जाने जाते रहे हैं। वे विभिन्न संस्थाओं में व्याख्याता व प्राचार्य पद को सुशोभित करते हुए सन 2009-10 में कोड़िया में प्राचार्य पद को सुशोभित किया। उनके कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासित



व्यक्तित्व के कारण शाला में अनुशासन का वातारण निर्मित हुआ फलस्वरूप स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम जिला स्तर पर लगातार उत्कृष्ट बना हुआ है।

दुर्ग जनपद कृषि सभापति राकेश हिरवानी ने उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए प्राचार्य अनिल गुप्ता को कर्तव्यनिष्ठ, स्वच्छ छवि एवं अनुशासनप्रिय बताया। कहा मुझे जनपद सदस्य बनते ही स्कूल के कार्यक्रम में शामिल होने का पहली बार मौका मिला जिसमें उनके कुशल नेतृत्व को करीब से देखने का मौका मिला। वे हमेंशा से ही शिक्षा स्तर को बेहतर बनाने एवं छात्रों को उचित मार्गदर्शन देने पर ज्यादा केंद्रित रहे हैं।पूर्व प्राचार्य अनिल कुमार गुप्ता ने अपने सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित होने पर हर्ष जताते हुए आभार व्यक्त किया। कहा दूसरों को सम्मान देने से स्वयं का भी सम्मान होता है और यह गुण अच्छे संस्कारों से आते हैं। अनुशासन से जीवन को सही दिशा मिलती है, यह गुण मुझे अपने पिताजी से मिला है, इसके कारण परिवार में अच्छा वातावरण निर्मित हुआ जिससे सभी भाई- बहन अच्छे स्थानों पर पदस्थ हैं। उन्होंने कहा वे अपने सेवाकाल में प्रत्येक कार्यो और दायित्वों को पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से पूरा करने का प्रयास किया है। जिसका प्रतिफल पालकों, छात्रों एवं ग्रामीणों के सम्मान एवं प्यार के रूप में प्राप्त हो रहा है।शौर्य संगठन सचिव एवं एसएमडीसी सदस्य आदित्य भारद्वाज ने सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं देते हुए कहा गुप्ता सर से बहुत कुछ सीखने को मिला है। वे स्कूल के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक गतिविधियों से भी जुड़कर छात्रों को मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान करते रहे हैं। इनके कुशल नेतृत्व एवं अनुशासनप्रिय व्यक्तित्व के कारण कोड़िया स्कूल का पहचान जिला एवं राज्य स्तर पर बनी है।एसएमडीसी प्रभारी अध्यक्ष जेपी दीपक ने गुप्ता जी के कार्यो की सराहना करते हुए कहा विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासी उनके कार्यो को सदैव याद रखेंगे। उनकी कुशल कार्यक्षमता व उत्कृष्ट योगदान हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इनकी सेवानिवृत्त जरूर हुई हैं, पर सेवा के दायित्वों से नहीं। हम समय समय पएसएमडीसी सदस्य मलेश निषाद, दिनेश दीपक व शैलेष चंद्राकर, सीएल चंद्राकर, संदीप यादव, सुधा रॉय, नीलमणि उज्जवने, भवानी सिंह देशमुख सहित अन्य शिक्षकों ने पूर्व प्राचार्य गुप्ता के साथ अनुभव एवं कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रश्मि मेहता एवं संकुल समन्वयक राहुल सोनटेके ने आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में भवानी सिंह देशमुख, प्रीतम देवांगन, समीर भेलवा, वीरेंद्र गजपाल, सुनील डड़सेना, त्रिलोकी साहू, तारिणी रंगारी, मंजू मंडावी सहित दुर्ग संकुल के समस्त शिक्षकों एवं गैरशैक्षणिक सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने फसल बीमा प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

**उतई, 16 दिसंबर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 अंतर्गत जिले में अधिकाधिक कृषकों को बीमा अवरण में सम्मिलित करने हेतु फसल बीमा प्रचार रथ का शुभारम्भ किया गया है। शुभारंभ के अवसर पर शासकीय उद्यान रोपनी रुआबांधा मे पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना मे सम्मिलित होकर रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाई जिसमे रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंडे,महामंत्री राजू जंघेल, महामंत्री दशरथ साहू,शिव चंद्राकर,राकेश त्रिपाठी,कमल अवस्थी, पार्षद रमा साहू, पार्षद सविता धवज, विष्णु शर्मा, विक्की सोनी, प्रवीण राजपूत, उमेश गर्रा,उधानिकी विभाग प्रमुख मुकेश वासनिक,सुरभिश्रीवास्तव,भानुप्रिया ठाकुर,मधु साहू औरप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 योजना के क्रियान्वयन हेतु फसल बीमा कराने की प्रारम्भिक तिथि 06 दिसम्बर 2023 एवं अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गई है। योजना में गेहूँ सिंचित एवं असिंचित, चना, अलसी, सरसों इत्यादि फसलों को शामिल किया गया है। इस योजना से किसानों को प्रतिकुल मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टी आदि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी।



**ऋणी किसान:** जो ऋणी कृषक इस योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी विकल्प चयन (आउटपुट) प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र रबी के लिये 24 दिसंबर 2023 तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जायेगा। साथ ही कृषकों को अपना आधार रबी के लिए अंतिम तिथि में अथवा उससे पूर्व अपडेट कराना होगा।

**अऋणी किसान:** फसल लगाने वाले सभी अऋणी किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर/आईएफएससी कोर्ड/बैंक का पता साफ दिख रहा हो, फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, किसान का वैध मोबाईल नंबर एवं बटाईदार/कास्तकार/साझेदार किसानों के लिए फसल साझा/कास्तकार का घोषणा पत्र इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।बीमा हेतु प्रीमियम राशि दर- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनातंर्गत आने वाली फसल हेतु प्रति हेक्टेयर ऋण मान राशि एवं प्रीमियम राशि निर्धारित है। जिसके अनुसार गेहूँ सिंचित हेतु बीमित राशि (प्रति हेक्टेयर) 35 हजार रूपए, प्रीमियम राशि प्रति हेक्ट. 1.50 प्रतिशत की दर से 525 रूपए एवं प्रीमियम राशि प्रति एकड़ 1.50 प्रतिशत की दर से 210 रूपए है। इसी प्रकार गेहूँ असिंचित हेतु बीमित राशि (प्रति हेक्टेयर) 23 हजार रूपए, प्रीमियम राशि प्रति हेक्ट. 1.50 प्रतिशत की दर से 345 रूपए एवं प्रीमियम राशि प्रति एकड़ 1.50 प्रतिशत की दर से 138 रूपए, चना हेतु बीमित राशि (प्रति हेक्टेयर) 39 हजार रूपए, प्रीमियम राशि प्रति हेक्ट. 1.50 प्रतिशत की दर से 585 रूपए एवं प्रीमियम राशि प्रति एकड़ 1.50 प्रतिशत की दर से 234 रूपए, अलसी हेतु बीमित राशि (प्रति हेक्टेयर) 16 हजार रूपए, प्रीमियम राशि प्रति हेक्ट. 1.50 प्रतिशत की दर से 240 रूपए एवं प्रीमियम राशि प्रति एकड़ 1.50 प्रतिशत की दर से 96 रूपए एवं सरसो हेतु बीमित राशि (प्रति हेक्टेयर) 23 हजार रूपए, प्रीमियम राशि प्रति हेक्ट. 1.50 प्रतिशत की दर से 345 रूपए एवं प्रीमियम राशि प्रति एकड़ 1.50 प्रतिशत की दर से 138 रूपए है। कृषकों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि 24 दिसंबर 2023 के भीतर सभी दस्तावेज कृषि कार्यालय में जमा कराया जाना अनिवार्य है।

## बंधक श्रमिक सर्वेक्षण का कार्य 21 से 30 तक

**दुर्ग, 16 दिसम्बर ।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार दुर्ग जिले में बंधक श्रमिक सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा।

उक्त सर्वेक्षण हेतु जिला स्तरीय सतर्कता समिति द्वारा नेहरू युवा केन्द्र, दुर्ग को सर्वेक्षण एजेंसी चिन्हित किया गया है। सहायक श्रमायुक्त दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार उक्त सर्वेक्षण एजेंसी के वालिंटियर्स एवं सहायक श्रमायुक्त कार्यालय, दुर्ग के श्रम निरीक्षक के सहयोग से 21 दिसम्बर से 30 दिसम्बर 2023 तक दुर्ग जिले में अवस्थित संस्थाओं उद्योग/इंट भट्ठा/कृषि फॉर्म एवं नगरीय निकाय में स्थित दुकान व होटल में सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा। सर्वेक्षण हेतु 500 संस्थानों का चिन्हांकन किया गया है।

जहाँ 2000 श्रमिकों से सर्वे प्रपत्र भरवाया जायेगा।

## हिमांशु को अमेरिकी यूनिवर्सिटी में मिला गोल्ड मेडल

**भिलाई, 16 दिसंबर।** अंचल के ख्याति प्राप्त चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय गुप्ता के बड़े सुपुत्र हिमांशु गुप्ता को एरिज़ोना यूनिवर्सिटी, अमेरिका से मास्टर डिग्री, एम एस ( कम्प्यूटर साइंस ) प्रदान की गई है। उन्होंने इंजीनियरिंग बी ई बिट्स पिलानी से पास की है । हिमांशु ने ये मास्टर डिग्री डिस्टिंक्शन के साथ पास की है व उन्हें गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। साथ ही साथ हिमांशु को अमेज़न अमरीका में एप्लाइड साइंटिस्ट की जॉब भी मिल गई है। उनके 16 पेपर अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें तीन पेटेंट भी मिल चुके हैं।



# निगम क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण फैला रहे डीजे संचालक से वसूला जुर्माना

**भिलाई, 16 दिसंबर।** निगम की टीम ने कोहका मुख्य मार्ग मे बारात के साथ चल रहे डीजे जो मानक क्षमता से अधिक ध्वनि फैला रहा था उसे रूकवा कर आवश्यक जाँच किये और डीजे संचालक से दस हजार रूपये अर्थ दण्ड वसुल कर बारातियों के अनुरोध पर विवाह कार्यक्रम हेतु डीजे को छोडा गया। निगम का तोडफोड दस्ता शुक्रवार को राधिका नगर सडक के किनारे विश्वकर्मा मार्केट मे दो स्थानो पर अवैध रूप से टीन शेड लगा कर किये गये कब्जे को बुलडोज़र से ध्वस्त किया। टीम माल रोड मे फरीदनगर के पार्क साईट नामक ओयो पंजीकृत होटल पहुँची और निगम के अधिकारियों ने होटल संचालन से आवश्यक दस्तावेज की मांग किया, लेकिन पुरी कार्रवाई के दौरान भवन स्वामी उपस्थित नही हुए जाँच



मे भवन अनुज्ञा, भवन पूर्णतः मौके पर नही पाया गया तो निगम के भवन विभाग द्वारा नोटिस जारी कर होटल का संचालन बंद करवाया गया। बाद इसके निगम का तोडफोड दस्ता सिरसा रोड कोहका मे होटल फ्रेंड्स पार्क पर कार्रवाई के लिए आगे बढ़ी तो गुरूकृपा डीजे जो बारात के साथ चलते हुए मानक क्षमता से अधिक ध्वनि प्रदूषण फैला रहा था, उसे रोक कर आवश्यक जाँच पश्चात अर्थ दंड अधिरोपित किया गया। टीम होटल फ्रेंड्स पहुँचे जहाँ बाराती ठहरे हुए थे निगम की जांच टीम ने होटल संचालक से आवश्यक दस्तावेज का अवलोकन करने के बाद ओयो बोर्ड को हटवाया और भवन पूर्णतः प्राप्त करने तक होटल को बंद रखने का पंचनामा किया। साथ ही होटल द ग्रीन रेस्ट्रो की जांच में गुमास्ता एवं अनुज्ञप्ति लाइसेंस की अवधि समाप्त पाये जाने पर पांच हजार रूपये का अर्थदंड वसूला गया। आज की कार्यवाही में निगम ने कुल पन्द्रह हजार रूपये दण्ड स्वरूप वसूल कर निगम कोष में जमा करवाया। कार्रवाई मे अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, जोन आयुक्त खिरोद्र भोई, सहायक राजस्व अधिकारी जेण्पीण्तिवारी, बालकृष्ण नायडू, सुनील नेमाडे, राजेश गुप्ता, ओम प्रकाश, राम चन्द्राकर, इमान सिंह कन्नौज, नंद कुमार सिन्हा, विनोद वर्मा, सुपेला थाना के पुलिस बल साथ रहे।

# भारत के सबसे लंबे समुद्री पुल के निर्माण में बीएसपी के इस्पात का उपयोग

**भिलाई, 16 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने भारत के सबसे लंबे निर्माणाधीन समुद्री पुल, मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) के लिए लगभग 15,900 टन स्टील की आपूर्ति की है। यह समुद्री पुल भारत में अभियांत्रिकी की अभिनव एवं अनूठी कृति है। 21.8 किमी लंबा, 6-लेन ब्रिज का 16.5 किमी भाग समुद्र के ऊपर और 5.5 किमी भाग जमीन पर है। इस ब्रिज के माध्यम से मुंबई से नवी मुंबई की दूरी को 20 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। भिलाई इस्पात संयंत्र ने पुल के निर्माण के लिए टीएमटी बार्स और प्लेट्स दोनों की आपूर्ति की है। सेल द्वारा आपूर्ति किए गए लगभग 16,300 टन स्टील में से, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कुल 15,883 टन स्टील की आपूर्ति वर्ष 2019 से 2023 के मध्य की गई है। इसके तहत संयंत्र ने वांछित ग्रेड व आयाम के 13,803 टन टीएमटी बार्स और 2079 टन स्टील प्लेटों की आपूर्ति की है। कांक्रीट और स्टील से निर्मित ब्रिज दक्षिण मुंबई के सेवरी से प्रारंभ होकर, एलीफेंटा द्वीप के उत्तर में ठाणे क्रीक से होकर न्हावा शेवा के पास चिरले में समाप्त होगा, एवम पूर्व दिशा में मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे और पश्चिम में निर्माणाधीन तटीय सड़क से



जोड़ी जायेगी। 27 मीटर चौड़े एक्सप्रेसवे के साथ दो आपातकालीन निकास लेन तथा एड्ज स्ट्रीप और क्रैश बैरियर की सुविधा होगी। इस ब्रिज का निर्माण कार्य लगभग समाप्ति की ओर है और निकट भविष्य में इसका उद्घाटन किया जाएगा। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) का अनुमान है कि ब्रिज के प्रारंभ होने के बाद प्रतिदिन 70,000 वाहन यातायात के लिए इसका उपयोग कर सकेंगे। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक ब्रिज निर्माण में ऑर्थोट्रॉपिक स्टील डेक (ओएसडी) स्पैन का प्रयोग भारत में पहली बार हो रहा है। निर्माण विधि ÷ओएसडी÷ के अंतर्गत विशेष गुणवत्ता के स्टील प्लेटों का उपयोग किया जाता है जो एक ओर से मजबूत और ठोस होने के साथ-साथ दूसरे ओर से लचीला होता है। यह स्टील डेक को कंक्रीट संरचना की तुलना में हल्के रहते हुए उच्च भार वहन करने में सक्षम बनाएगा। ब्रिज में ओएसडी तकनीक के उपयोग से असेंबली टाइम में कमी लाने के साथ ही शीघ्र प्रतिस्थापन तथा डेक को भारी वाहनों का भार वहन करने के लिए सक्षम बनाती है। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक ब्रिज निर्माण परियोजना मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) के अंतर्गत आता है। इस परियोजना के लिए ऐकॉम एशिया कंपनी लिमिटेड, पीएडीईसीओ कंपनी लिमिटेड, डीएआर एआई-हंदासाह और टीवाई लिन इंटरनेशनल को सामान्य सलाहकार के रूप में रखा गया है। परियोजना चार चरणों (पैकेज) में तैयार की गई थी। इसके तहत तीन सिविल कार्य पैकेज, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम (आईटीएस), स्वचालित टोल संग्रह प्रणाली और विद्युत कार्यो के लिए एक-एक पैकेज शामिल था। इस ब्रिज का सिविल निर्माण कार्य लार्सन एंड टुब्रो तथा आईएचआई कॉर्पोरेशन (जापान) व डेवू ई एंड सी तथा टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (टीपीएल) द्वारा किया जा रहा है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने मर्चेंट मिल और मोडेक्स यूनिट, बार एंड रॉड मिल से एलएंडटी आईएचआई जेवी पैकेज 1 व 3 में उपयोग हेतु आईएस 1786 एफई500डी ग्रेड के 10, 12, 16, 20, 25 और 32 मिलीमीटर व्यास के 12,496 टन टीएमटी बार्स की आपूर्ति की है। इसके अतिरिक्त, बीएसपी ने डेवू टीपीएल जेवी (पैकेज 2) में उपयोग के लिए अपने मर्चेंट मिल और बार एंड रॉड मिल से 20, 25 और 32 मिलीमीटर मोटाई में आईएस1786एफई500डी ग्रेड के 1307 टन टीएमटी बार्स की आपूर्ति की है। भिलाई इस्पात संयंत्र ने ब्रिज के निर्माण में 16, 20, 25 और 32 मिलीमीटर मोटाई में आईएस 2062ई250बीआर ग्रेड के 2079 टन स्टील प्लेटों की भी आपूर्ति की है। संयंत्र के प्लेट मिल से आपूर्ति की गई प्लेटों में एलएंडटी आईएचआई जेवी (पैकेज 1) के लिए 1949 टन और एलएंडटी आईएचआई जेवी (पैकेज 3) के लिए 130 टन शामिल हैं।

# बीएसपी में विक्रेता विकास सह उत्पाद औद्योगिक प्रदर्शनी का समापन




**भिलाई, 16 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से, भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) -विकास कार्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित, सीपीएसई स्तर विक्रेता विकास कार्यक्रम सह उत्पाद प्रदर्शनी का समापन समारोह 14 दिसम्बर को मानव संसाधन विकास केन्द्र में सम्पन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी एस के डे थे। इस दो दिवसीय औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन 13 और 14 दिसंबर 2023 को किया गया। इस अवसर पर, संयुक्त निदेशक एवं एचओओ राजीव एस, बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारियों सहित प्रतिष्ठित पीएसयू, राष्ट्रीयकृत बैंकों, एमएसई एवं एमएसएमई के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे। प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी बीएसपी, बीएसएनएल, एनएमडीसी, पीएनबी, एसबीआई, आरबीआई, एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, दुर्ग, एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (ईसीजीसी), भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) सिपेट सहित प्रतिष्ठित पीएसयू, राष्ट्रीयकृत बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों के विशिष्ट अतिथियों ने तकनीकी सत्र प्रस्तुत किया। साथ ही एमएसएमई इकाइयों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। संचालन दामोदर बेहरा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन राजीव एस के द्वारा किया गया।

## एक नजर

### भाजपा सरकार आते ही मोदी की गारंटी खोखली साबित : राहुल



**छुरिया 16 दिसंबर।** जिला कांग्रेस के प्रवक्ता राहुल तिवारी ने भाजपा सरकार की पहली केबिनेट बैठक पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा ने प्रदेश की जनता को निराश किया है। वे अपने वायदों से पीछे हट रहे हैं और त्वरित निर्णय लेने से बच रहे हैं जो कि उनमें दूरदर्शिता का अभाव दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ङ्क भाजपा ने विधानसभा चुनाव जिन वायदों के कारण जीता उसे लेकर उनकी तैयारी और प्रतिबद्धता खोखली है। यही कारण है कि पहली केबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री अपनी ही सरकार के वायदों को अमल में नही ला पाए। भाजपा सरकार ने पहले ही दिन लोगों को निराश कर भरोसा खोने का काम किया है। अपने ही दावों और वायदों के प्रति स्पष्ट न होना दुःखद है। प्रवक्ता ने जारी बयान में कहा कि भाजपा ने चुनाव के दौरान कई सब्जबाग दिखाए। किसानों को 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने, 31 सौ रुपए के समर्थन मूल्य की दर पर एकमुश्त भुगतान करने, महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह एक हजार रुपए देने, 5 सौ रुपए में गैस सिलेंडर देने की बातें कहीं। प्रधानमंत्री सहित भाजपा के राष्ट्रिय नेताओं ने बार-बार इसे दोहराया। लेकिन जब इसे पूरा करने की बात आई है तो भाजपा 5 सालों में सभी वायदों को पूरा करने की बात कह रही है।

### महापौर सहित निगम पदाधिकारियों ने दी गुरू घासीदास जयंती की बधाई

**राजनांदगांव 15 दिसंबर।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने बाबा गुरू घासीदास जी की जयंती पर सतनामी समाज को शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास छुआछुत एवं जातपात के कुंठा विचार को समाज से हटाने वालों में से थे। वे सत्य, अहिंसा एवं मानवता का संदेश समाज को दिये तथा सब मनुष्यों को एक समान मानते थे। निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता,निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा, गणेश पवार, श्रीमती दुलारी बाई साहू, राजा तिवारी, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, राजेश गुप्ता चम्पू, वरिष्ठ सभापति श्री अब्दुल समद खान, कनिष्ट सभापति श्री गामेन्द्र नेताम, अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, श्री ऋषि शास्त्री,जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे व श्री अमीन हुड्डा, पार्षदों एवं नामांकित पार्षदगणों ने गुरू घासीदास जी की जयंती के अवसर पर उनके अनुयायियों के सुख-समृद्धि एवं आरोग्य की कामना करते हुए उनकी जयंती को अपूर्व उमंग उल्लास के साथ मनाने की अपील की है।

### 18 एवं 19 दिसम्बर को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव 15 दिसम्बर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार दिनांक 18 दिसम्बर दिन सोमवार को गुरूघासी दास जयंती एवं 19 दिसम्बर दिन मंगलवार को संत तारण तरण जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

### विचाराधीन बंदी की मृत्यु, दण्डाधिकारी जांच के लिए अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव 16 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री डोमन सिंह ने जेल अधीक्षक जिला जेल राजनांदगांव से प्राप्त पत्र अनुसार विचाराधीन बंदी जनक लाल सिन्हा की उपचार के दौरान मृत्यु होने के संबंध में दण्डाधिकारी जांच के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने दण्डाधिकारी जांच के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजनांदगांव श्री अरूण कुमार वर्मा को जांच अधिकारी नियुक्ति किया है। जांच अधिकारी द्वारा विचाराधीन बंदी जनक लाल सिन्हा की मृत्यु की परिस्थितियों, पोस्ट मार्टम एवं उससे अन्य जुड़ी जांच की प्रक्रिया में तथ्यों, मृतक की मृत्यु के लिए उत्तरदायी व भविष्य में ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण के लिए उपाय सहित प्रकरण से संबंधित अन्य बिन्दु के संबंध में जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में शुरू होगा कुष्ठ के विरुद्ध युद्ध अभियान



**रायपुर, 16 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज यहां मंत्रालय, महानदी भवन में स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग की बैठक ली। उन्होंने बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और एंबुलेंस सेवा-108 को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य को कुष्ठमुक्त बनाने जल्दी ही 'कुष्ठ के विरुद्ध युद्ध' अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाईयां ही प्रिस्क्राइब करने को कहा। उन्होंने सभी अस्पतालों में जेनेरिक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जगदलपुर और बिलासपुर में निर्माणाधीन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का काम आगामी फरवरी माह तक हर हाल में पूर्ण करने को कहा, ताकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हाथों मार्च में इनका लोकार्पण कराया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव और श्री विजय शर्मा तथा मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन भी बैठक में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बैठक में कहा है कि हर जरूरतमंद मरीज के पास एंबुलेंस तत्काल पहुंचे। मरीजों तक एम्बुलेंस आधा घंटे में पहुंच जाना चाहिए। उन्होंने सड़कों पर विचरण करने वाले मानसिक रोगियों के इलाज एवं कल्याण के लिए तुरंत कदम उठाने और उनके त्वरित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्ले ने मुख्यमंत्री को राज्य के मेडिकल कॉलेजों, संबद्ध अस्पतालों, नर्सिंग कॉलेजों तथा डेंटल कॉलेजों की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रमों, एनीमिया मुक्त भारत, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन मिशन, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, वित्त विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव श्री पी. दयानंद, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक श्री भोसकर विलास संदिपान, आयुष विभाग की संचालक सुश्री नम्रता गांधी और सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक श्री चंद्रकांत वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

# जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

**डोंगरगढ़ 16 दिसंबर।** इस वर्ष स्कूल, यूनिवर्सिटी खेल में बहुत से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया वही डोंगरगढ़ के ऑन द राइस मार्शल आर्ट्स संस्था से 15 बच्चों ने भी भाग लिया जिसमें 4 बच्चों का आगे नाम आया ऋषभ वाल्दे 14 वर्ष कराटे ऑल इण्डिया में चयन हुआ, शौर्य मिश्रा 16 वर्ष ताईक्वांडो नेशनल लिए चयन हुआ, गौरव राव 18 वर्ष , नेहा चंद्रवंशी 18 वर्ष बॉक्सिंग में यूनिवर्सिटी टीम के लिए चयन हुए संस्था के कोच मुकेश साहू व सभी खिलाडी नवाज खान से मिलकर धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा हमें और भी सुविधा मिले तो हम बहुत से बच्चे आगे बढ़ सकते हैं जब हम जमीन मिट्टी सतह पर अभ्यास करते हैं तो हमारे पैर में चोट लगने की संभावना ज्यादा रहती है और चोट लगते ही रहता इसलिए जो आपने सहयोग किया है और थोड़ा सहयोग कर अभ्यास के लिए मैट की मांग की और ह्रदय की गहराई से बच्चों ने आभार धन्यवाद ज्ञापित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

नवाज खान ने कहा खिलाडियों के लिए पूर्ण समर्थन होगा तभी हमारे गांव,शहर, जिला, राज्य, भारत देश में ज्यादा से ज्यादा मैडल होगा और नाम रोशन होगा जिसमें हर गली मोहल्ले से और नए खिलाड़ी आगे आएंगे।



# दानीराम को प्रधानमंत्री आवास योजना से मिली जर्जर मकान से मुक्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 16 दिसम्बर।** मकान प्रत्येक व्यक्ति की बुनियादी आवश्यकता है। जीविकोपार्जन के प्रबंध के बाद व्यक्ति को एक सुरक्षित मकान बनाना उनके सर्वप्रमुख आवश्यकताओं में से एक है। लेकिन गरीबी के कारण इसका प्रबंध कर पाना व्यक्ति के लिए मुश्किल कार्य होता है। केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री आवास योजना के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप कभी असंभव लगने वाला कार्य आज हकीकत में साबित हो रहा है। जिले में इस योजना के सफल क्रियान्वयन के चलते हजारों ग्रामीणों का पक्का मकान बनाने का सपना साकार हुआ है। इस प्रधानमंत्री आवास योजना के फलस्वरूप जिले के राजनांदगांव विकासखण्ड के ग्राम रानीतराई के भूमिहीन मजूदर श्री दानीराम साहू एवं उनकी पत्नी श्रीमती टामीन बाई साहू को सुरक्षित आशियाना मिल गया है। जिसके कारण श्री दानीराम साहू को पक्का मकान बनाने का वर्षों पुराना सपना साकार हो गया है। श्री दानीराम ने बताया कि पहले कच्चा मकान था, जिसमें खप्पर और पॉलिथिन डालकर रहना पड़ता था। कच्चा मकान तालाब के किनारे होने के कारण बारिश के समय घर में सीलन, कीड़े-मकोड़े और पानी भर जाने जैसी बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। श्री दानीराम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 30 हजार रूपए की आर्थिक सहायता मिलने से पक्का मकान बना है। अब प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान बनने से सारी समस्याओं से मुक्ति मिल गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं राज्य शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### शराब की अवैध बिक्री पर घुमका पुलिस ने की आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई



**राजनांदगांव 16 दिसंबर।** घुमका पुलिस के द्वारा आज दिनांक 15/12/2023 को मुखबिर सूचना पर ग्राम बाटगांव मे आरोपी मनमोहन गेंदरे के द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने पर आरोपी मनमोहन के कब्जे से 13 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब 2.340 लीटर कीमती 1080 रूपये व बिक्री रकम 160 रूपये नगद जप्त किया गया आरोपी के विरूध्द थाना घुमका में अपराध क्रमांक क्रमशः 171/23, धारा 34 ( 1 ) ब आबकारी एक्ट कायम कर विधिवत कार्यवाही की गई ।

### धान कटाई के बाद बढ़ोना करने की अनूठी परम्परा



**अंवरी 16 दिसंबर।** ग्राम अंवरी में किसान बढ़ोना की परम्परा का निर्वहन आज भी कर रहें है । किसान आज भी अपने धान की फसल को काटने के बाद बढ़ोना कर अन्न माता की पूजा अर्चना करते है । अंवरी निवासी किसान थानेश्वर साहू ने बताया की फसल के अच्छे उत्पादन के लिए किसान अपने धान की कटाई को पूरा कर लेने के बाद खेत के एक कोने में धान फसल के एक छोटे से हिस्से को बचा लेते है और वहाँ पर धान काटने का औजारों को भी रखा जाता है, उसके बाद पुरे विधि-विधान से अन्न माता एवं कृषि औजारों की पूजा-अर्चना की जाती है । इस पूजा अर्चना में विशेष रूप से मुर्रा, मिच्चर एवं नारियल का प्रसाद ही वितरण किया जाता है। इस वर्ष भी थानेश्वर साहू, ईश्वर साहू, नीरज साहू, डागेश्वर साहू,आदि किसानों ने भी फसल को काटने के बाद बढ़ोना कर अन्न की पूजा किये ।

# विद्यार्थियों ने किया वृद्धाश्रम का भ्रमण



**रायपुर , 16 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ के प्रथम कुलदीप निगम वृद्धाश्रम माना कैम्प में श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रायपुर में अध्ययन रत विद्यार्थियों का एक समूह वर्ष 2023 को अलविदा एवँ 2024 के जल्द आगमन की बेला में कुलदीप निगम वृद्धाश्रम माना कैम्प में निवासरत बुजुर्गों के लिए दैनिक उपयोग में आने वाले अनाज, एवँ पैकड खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री अमित श्रीवास्तव एवँ श्रीशा शर्मा के साथ एम. बी. ए. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र पीयूष कुमार , संकेत परियानी , श्रेया दुबे , कुसुम बोथरा , सौरभ भालेराव , पी प्रेम कुमार , पायल तिवारी , बी रितिका साई , प्राची सिंह , विवेक बर्मन , विकास साहू , भारत थवानी मुख्य रूप से शामिल हुए इस अवसर पर कुलदीप निगम वृद्धाश्रम की वॉर्डन पारूल चक्रवर्ती लीला यादव उपस्थित रहे।



**राजनांदगांव 16 दिसंबर।** विधानसभा क्षेत्र के जनप्रिय नेता, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी चौथी बार प्रचण्ड मतों से जीत हासिल करने के पश्चात राजनांदगांव विधानसभा में प्रथम आगमन पर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व शहर वासियों द्वारा भव्य स्वागत कर बधाई व शुभकामनाएं दी गई ।

### ओला ने की रिमेंबर अभियान की घोषणा

**रायपुर,16 दिसंबर।** भारत की सबसे बड़ी ईवी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने EndICEAge मिशन में तेजी लाने के लिए अपने दिसंबर टू रिमेंबर अभियान की घोषणा की। इस अभियान में एकदम नया एस1 एक्स प्लस अब 20,000 रुपये के फ्लैट डिस्काउंट के साथ मिल सकेगा, जिसका मतलब एस वन एक्स प्लस की कीमत अब घटकर केवल 89,999 रुपये हो गई है। इस वजह से एस वन एक्स प्लस सबसे सस्ते 2 व्हीलर ईवी स्कूटरों में से एक बन गया है, जिसे अपनाना सबके लिए आसान हो गया है। देश भर में एस वन एक्स प्लस की डिलीवरी शुरू हो चुकी है और यह स्कूटर काफ़ी ज़्यादा माँग में है। एस वन एक्स प्लस किफायती दाम पर सबसे अच्छा प्रदर्शन, उन्नत तकनीकी सुविधाएँ और बेहतर सवारी गुणवत्ता देता है। यह 3kWh बैटरी के साथ आता है और 151 किमी की प्रमाणित रेंज देता है। साथ ही 6kW मोटर से चलने वाला एस1 एक्स+ 3.3 सेकंड में 0 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेता है और इसकी टॉप स्पीड 90 किमी प्रति घंटे है।

### सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था



**रायपुर 16 दिसंबर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार ठंड को देखते हुए नगर निगम के सभी जोनो के जोन कमिश्नरों को आमजनों को ठंड से राहत दिलवाने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में शीतलहर काल के दौरान व्यवस्थित रूप से अलाव प्रतिदिन नियमित जलाने के निर्देश दिये गये हैं । आयुक्त के निर्देशानुसार सभी 10 जोनों की टीमों ने राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर ठंड को देखते हुए आमजनों की सुविधा हेतु अलाव जलाने की निरन्तर व्यवस्था दी है। नगर पालिक निगम जोन 1 के तहत भनपुरी, गुढ़ियारी मुख्य मार्ग के किनारे विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, नगर पालिक निगम जोन 7 क्षेत्र के तहत कबीर चैक रामनगर सुलभ के समीप, अग्रसेन चैक के पास श्रीगणेश मन्दिर के समीप, रामकुण्ड ठाकरे चैक के समीप सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की निरंतरता से व्यवस्था की जा रही है। आयुक्त के निर्देशानुसार सभी 10 जोनो के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर आमजनों की सुविधा हेतु ठंड को देखते हुए अलाव जलाने की व्यवस्था निरन्तर दी जा रही है।

## नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान

# कार्यकर्ताओं की बदौलत जिले में कांग्रेस का वर्चस्व कायम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 16 दिसंबर।** शहर जिला कांग्रेस व जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिसंबर शुक्रवार को जीई रोड स्थित सतनाम भवन में अविभाजित राजनांदगांव के कांग्रेस के विधायकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय सतनाम भवन में राजनांदगांव कांग्रेस के नव निर्वाचित विधायकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर भारतयात्री हिमानी वासनिक द्वारा राज्यगीत अरपा पैरी के धार गीत से समारोह का शुभारंभ किया। तत्पश्चात नवनिर्वाचित विधायकों को फुल मालाओं से कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल व खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा पितांबर वर्मा को जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा शॉल श्रीफल, कांग्रेस का गमछा पहनाकर सम्मानित किया। स्वागत भाषण देते हुए जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि कांग्रेस संगठन के सभी कार्यकर्ताओं पूरी निष्ठा के साथ चुनाव लड़ी और जिले में अच्छा माहौल बनाया जिसकी बदौलत जिले में 5 विधायक हमारी है। कांग्रेसजन ने अपनी सरकार की जनहिकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया है जिसके लिए कांग्रेसजनों को बधाई देता हूं।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने उपस्थित कांग्रेसजनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की राजनांदगांव हमेशा से कांग्रेस का गढ़ रहा है। जिले के 6 विधानसभा में से 5 में कांग्रेस ने अपना कब्जा जमाया है। जिसका श्रेय कांग्रेस के एक-एक सिपाही को जाता है जो कांग्रेस सरकार की जनहितकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर कांग्रेस प्रत्याशियों को जीताने में लगाई है, जनता को धन्यवाद देता हूं। डोंगरगांव विधानसभा के तीसरी बार के विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि कांग्रेस की प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कांग्रेस के एक-एक सिपाही ने किया है जिसका अच्छा परिणाम रहा कि अविभजित राजनांदगांव जिले में पांच विधानसभा सीट कांग्रेस के पक्ष में रहा है।


पुण्यतिथि पर पावन स्मरण



जन्म 10 जुलाई 1964

पुण्यतिथि 16 दिसंबर 2002

स्व. कुलदीप निगम

सबके लिए समर्पित रहकर, सबका आदर पाया। परिजन और सभी मित्रों का, हरदम साथ निभाया।
मृदु स्वभाव हित चिन्तन सबका, यही आदर्श जीवन था। अपने हित से बड़ा सदा ही, सबके हित समर्पण था।
सौरभ सदा बांटते सबको, कहलाते उपवन थे। तुम आकर जग में कितने मोती जोड़ गए।
पर जाने क्यों बीच राह में हमें बिलखता छोड़ गए।

आज आपकी पावन स्मृतियों को शत्- शत् बार नमन है...

श्रद्धानवत

कृष्णकुमार, विनय, विपिन, नवीन, राजेंद्र एवं समस्त निगम परिवार

## संपादकीय

# संसद की सुरक्षा में चूक तो हुई है

संसद देश के सबसे अहम स्थलों में से हैं, इसकी सुरक्षा को लेकर कोई चूक नहीं होनी चाहिए। ऐसी अपेक्षा देश के लोग करते हैं। किसी भी देश में कितनी भी सुरक्षा व्यवस्था हो सुरक्षा में चूक सुरक्षा में लगे लोगों की लापरवाही के कारण हो जाती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ है। सुरक्षा कर्मी यह सोच नहीं पाए कि उनकी सुरक्षा घेरे से कोई छिपाकर कोई वस्तु कैसे ले जा सकता है। संसद की सुरक्षा व्यवस्था देश की अच्छी सुरक्षा व्यवस्था मानी जाती है। लेकिन हर सुरक्षा व्यवस्था में कोई न कोई कमी या खामी होती जिसका फायदा आतंकवादी, नक्सली,देशद्रोही, आसामाजिक तत्व उठा लेते है। कई बार की तरह इस बार भी ऐसा हुआ। असामाजिक तत्वों ने संसद की महीनों रेकी कर वह कमी जान ली कि सुरक्षा घेरा को कैसे भेदा जा सकता है और कोई वस्तु छिपाकर संसद के भीतर कैसे ले जा सकते है। ऐसा नहीं है कि देश में मोदी सरकार है इसलिए संसद की सुरक्षा में चूक हो गई है, कांग्रेस की सराकर भी होती तो असामाजिक तत्व इसी तरह सुरक्षा घेरे को भेदकर संसद से भीतर पहुंच जाते। संसद में घुसपैठ करने वाले लोगों का मकसद संसद के भीतर जाकर सांसदों को नुकसान पहुचाना नहीं था,वह सिर्फ बताना चाहते थे कि संसद की सुरभा को भेदा जा सकता है। संसद के भीतर की सुरभा की जिम्मेदारी लोकसभा अध्यक्ष की होती है। घटना होने के बाद उन्होंने स्वीकार किया है कि यह उनकी गलती है। वह इसके लिए दोषी है। संसद के बाहर जो लोग प्रोटेस्ट कर रहे थे,उनको भी पकडकर पूछताछ की जा रही है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि इन लोगों को यह काम करने के लिए किसने उकसाया। इन लोगों को पैसा,हर तरह की सुविधा पहुचाने वाला कौन है। पुलिस के बताए अनुसार योजना बनाकर संसद की सुरक्षा को भेदा गया है। इसके पीछ जरूर कोई देश या देश के बाहर का आदमी हो सकता है। इस घटना के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने जो कहना था, कहा, जो करना था किया। संसदीय कार्यमंत्री ने संसद में बयान दे दिया है। विपक्ष ने संसद की सुरक्षा के लिए जो सुझाव दिए है, सब मान लिया गया है। संसद की सुरक्षा और बेहतर बनाने के लिए निविदा भी जारी कर दी गई है। इसके तहत अत्याधुनिक उपकरम खरीदे जाएंगे। संसद की सुरक्षा में चूक की यह कोई पहली घटना नहीं है, कांग्रेस के समय इसी तरह की चूक की घटना कई बार हो चुकी हैं। इसी तरह संसद की पब्लिक गैलरी से कई लोग संसद में कूद चूके हैं। तब कांग्रेस के किसी गृहमंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया था। आज कांग्रेस गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफा मांग रही है। उसके किसी एक गृहमंत्री ने चूक के लिए इस्तीफा दिया होता तो कांग्रेस को इस्तीफा मांगन का हक था। संसद की सुरक्षा को भेदने के लिए रची गई साजिश से तो ऐसा लगता है कि इसका मकसद मोदी सरकार को कमजोर सरकार बताना था। क्योंकि मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल में देश में आतंकवादी घटनाए नहीं हुई है, सीमा पर दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया गया है, एयर स्ट्राइक कर आतंकवादियों के अड्डे को तबाह किया गया है। इससे देश में पीएम मोदी अन्य किसी भी पीएम की तुलना में मजबूत पीएम माने जाते हैं। विपक्ष के रवैए से तो ऐसा लगता है कि वह इंतजार कर रहा था कि कुछ हो और उसे मोदी सरकार को घेरने का मौका मिले। संसद ठप करने का मौका मिले। संसद में घुसपैठ करने वालों ने उन्हें ऐसा मौका मुहैया कराया है। विपक्ष हमेशा की तरह पीएम व गृहमंत्री के बयान की जिद कर संसद चलने नहीं दे रहा है। विपक्ष का आदत हो गई है संसद में बहस से बचने की। वह मौका तलाशता रहता है कि कोई तो मुद्दा मिले और वह संसद न चलने दे। विपक्षा को और कुछ आता हो न हो संसद ठप करना बखूबी आता है। संसद ठप करने में उसकी मास्टरी मानी जा सकती है।

# संस्कृति, लोकतांत्रिक मूल्यों का निरादर

राजनीति

प्रियंका सौरभ



**एक बार राष्ट्रीय पार्टी के राज्य में सत्ता हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री के चयन में पार्टी आलाकमान के पास असंगत रूप से बड़ा विवेक होता है, राज्य के विधायकों को इस संबंध में बहुत कम या कोई अधिकार नहीं होता है। यह प्रथा उस संवैधानिक जनादेश का अपमान करती है जो बहुमत पार्टी के विधायकों को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में अपना नेता चुनने का अधिकार देता है। आज देश के तीन प्रमुख हिन्दी भाषी राज्यों में बड़ी जीत के बाद मुख्यमंत्री बने हैं।**

आज देश के प्रजातंत्र को नेतृत्व परिवर्तन की समान चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जहां मुद्दे एक बड़े संकट में बदल रहे हैं। इन चुनौतियों की जड़ में 'हाईकमान' संस्कृति है, जिसमें राजनीतिक दलों का सर्वोच्च राष्ट्रीय नेतृत्व निचले स्तरों पर सख्ती से नियंत्रण रखता है, जिससे राज्य इकाइयों की स्वायत्तता खत्म हो जाती है। किसी संगठन के भीतर फैसले कितने सही हैं और कितने गलत, यह उस संगठन के अपने तौर-तरीकों पर भी निर्भर करता है। आज देश के तीन प्रमुख हिन्दी भाषी राज्यों में बड़ी जीत के बाद मुख्यमंत्री बने हैं। लोकतांत्रिक तौर-तरीकों के हिसाब से जीते हुए विधायकों के बहुमत से मुख्यमंत्री बनने चाहिए, लेकिन इस देश में हाल के दशकों में शायद ही कभी और कहीं इस आधार पर मुख्यमंत्री तय किए गए हों। देश की दो बड़ी राष्ट्रीय पार्टियों में हाई कमान की संस्कृति विकसित और मजबूत हो चुकी है, और ऐसे फैसले राज्यों की राजधानी में नहीं, देश की राजधानी में तय होते आए हैं, और आज यही हो रहा है।

जब भी कोई दल मुख्यमंत्री के चेहरे के बिना चुनाव लड़ता है तो फिर जीत के बाद उसके चयन में आम जनता की कोई भूमिका नहीं रह जाती। उसका चयन होता है आलाकमान की इच्छा पर और इस बारे में जनता को कुछ भी पता नहीं चलता कि जिसके पक्ष में फैसला होता है, वह किस आधार पर होता है? यह लोकतांत्रिक मूल्यों का निरादर है। यह वह प्रश्न है जिसका उत्तर इसलिए खोजा जाना चाहिए, ताकि भारतीय लोकतंत्र और सुदृढ़ हो सके और आलाकमान संस्कृति खत्म हो सके। यह संस्कृति लोकतांत्रिक मूल्यों के सर्वथा विरुद्ध है। 1971 के राष्ट्रीय चुनावों के बाद, 1970 के दशक की शुरूआत में हाईकमान संस्कृति की शुरूआत का पता लगाया जा सकता है और अब भी बनी हुई है। तो आज तक इसके अनुसार, राज्यों और उसकी सभी राज्य इकाइयों में सभी प्रमुख नियुक्तियों के संबंध में आलाकमान अकेले ही निर्णय लेता है। अपने करिश्माई नेता और अपने राजनीतिक रणनीतिकार के पूर्ण नियंत्रण से अपनी इच्छानुसार मुख्यमंत्रियों को चुनकर और हटाकर देश की पार्टियों ने हाईकमान संस्कृति को दोहराया है। पार्टी के निचले स्तरों पर सर्वोच्च नेतृत्व का ऐसा स्पष्ट प्रभुत्व देश की अन्य प्रमुख पार्टियों में भी देखा जाता है। चूंकि भारत जैसी विविध राजनीति में राज्य की राजनीति स्थानीय राजनीतिक अभिजात वर्ग के बीच पीढ़ीगत दरार और सत्ता संघर्ष के साथ-साथ हितों की अधिकता का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न गुटों के बीच उच्च स्तर के आंतरिक संघर्षों से चिह्नित होती है, इसलिए राष्ट्रीय नेतृत्व का एक निश्चित स्तर का पदानुक्रमित नियंत्रण होता है। राज्य स्तर पर पार्टी को एकजुट रखने के लिए यह अपरिहार्य है। हालाँकि, हाईकमान संस्कृति, जो अब भारतीय राजनीति की अनिवार्य शर्त बन गई है, अक्सर राष्ट्रीय पार्टियों की राज्य-स्तरीय पार्टी इकाइयों की स्वायत्तता को गंभीर रूप से दबा देती है, जो बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय पार्टी नेतृत्व की इच्छा पर काम करती हैं। एक बार राष्ट्रीय पार्टी के राज्य में सत्ता हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री के चयन में पार्टी आलाकमान के पास असंगत रूप से बड़ा विवेक होता है, राज्य के विधायकों को इस संबंध में बहुत कम या कोई अधिकार नहीं होता है। यह प्रथा उस संवैधानिक जनादेश का अपमान करती है जो बहुमत पार्टी के विधायकों को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में अपना नेता चुनने का अधिकार देता है। यह भी पाया गया है कि आलाकमान राष्ट्रीय राजधानी से राज्यों में कैबिनेट गठन और राज्य सरकारों के कामकाज को सीधे प्रभावित कर रहे हैं, जिससे सीएम और राज्य नेतृत्व की स्वायत्तता खत्म हो रही है। यहां तक कि पार्टियों की राज्य इकाइयों के प्रमुख और अन्य अधिकारियों को पार्टी के आंतरिक चुनावों के बजाय सीधे आलाकमान द्वारा नामित किया जाता है। ऐसी प्रवृत्ति राजनीतिक नेतृत्व की अपनी पार्टी के एक लोकप्रिय क्षेत्रीय नेता से राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने को लेकर असुरक्षा से उत्पन्न होती प्रतीत होती है। इसलिए, राज्यों में कम प्रोफाइल वाले नामांकित नेताओं और बार-बार नेतृत्व परिवर्तन से राज्यों में महत्वाकांक्षी नेताओं के पंख कतर दिए जाते हैं। राज्यों में यथास्थिति बनाए रखना या सत्ता परिवर्तन कभी-कभी युवा लोगों पर अनुभव को प्राथमिकता देने के नाम पर किया जाता है या ₹नया₹ लाने की आड़ में किया जाता है। हाईकमान संस्कृति को आकार देने वाला दूसरा और सबसे महत्वपूर्ण कारक पार्टी वित्त का केंद्रीकरण है। आलाकमान राज्यों से निकलने वाले संसाधनों सहित पार्टी के वित्त को निर्णायक रूप से नियंत्रित करते हैं ताकि राष्ट्रीय नेतृत्व को अपने विवेक के अनुसार इन दुर्लभ संसाधनों को विनियमित करने और वितरित करने में हमेशा ऊपरी हाथ मिले। यह देखते हुए कि उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए धन की सख्त जरूरत है, और भी अधिक क्योंकि भारतीय चुनाव पहले से कहीं अधिक महंगे होते जा रहे हैं, यह आलाकमान के प्रभुत्व को और मजबूत करता है। हालाँकि, राज्य नेतृत्व पर आलाकमान का नियंत्रण राष्ट्रीय नेतृत्व की लोकप्रियता और शक्ति के साथ-साथ राज्य के नेताओं के हितों दोनों पर निर्भर करता है। ऐसा देखा जाता है कि जब राष्ट्रीय पार्टी की चुनावी संभावनाएं अच्छी दिखती हैं, तो राष्ट्रीय नेताओं की लोकप्रिय अपील पर सवार होकर, राज्य के नेता आलाकमान के सामने आत्मसमर्पण करने का कारण ढूंढते हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व, जब चुनावी रूप से शक्तिशाली होता है, विभिन्न प्रकार के राजनीतिक संरक्षण के वितरण के माध्यम से राज्य इकाइयों के भीतर असंतुष्ट गुटों की मांगों को समायोजित करता है। आज की इस नौबत को देखते हुए राजनीति में चुनावी कामयाबी के महत्व को समझने की जरूरत है। चुनावी लोकतंत्र में कामयाबी बुरी बात नहीं होती है और कई मायनों में वह अपनी नीतियां लागू करने के लिए एक जरूरी औजार भी रहती है। नेताओं और पार्टियों की नीतियां चाहे कितनी अच्छी क्यों न हों, अगर सत्ता हाथ नहीं है, तो वे हसरत और नारों की तरह रह जाती है। पार्टियों के लिए अपनी विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए चुनावों में जीतना जरूरी रहता है और हर चुनावी नतीजे के बाद उससे जुड़ी हुई पार्टियों को आत्ममंथन करना चाहिए। यह बात पार्टी को देश के लोकतंत्र के भले के लिए न सही, अपने खुद के अस्तित्व के लिए एक ईमानदार आत्मविश्लेषण करना चाहिए। कई बार घर के भीतर ईमानदार सोच-विचार मुमकिन नहीं हो पाता, ऐसे में पार्टी को बाहर के कुछ लोगों से भी अपनी हार का विश्लेषण मांगना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। आज जरूरी काम से आपकी यात्रा होगी। संतान की सफलता आपको खुश करेगी, लोग आपको बधाई देनें आपके घर आयेंगे। आज घर पर छोटी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं, जिससे घर में लोगों का अच्छा मनोरंजन होगा। आज आपकी किस्मत चमकेगी क्योंकि व्यापार में भारी सफलता के योग हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**वृष राशि :** आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। आज आपको कई जिम्मेदारियां मिल सकती है, जिन्हें आप अच्छी तरह से निभायेंगे। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी। आपको आपकी मेहनत के अनुकूल परिणाम मिलेंगे। आपको मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम, आज पूरा हो जायेगा। बिजनेस साझेदार के साथ किए गए कामों से आज आपको फायदा होगा। साथ ही खुले मन से काम करने पर अच्छे लोग आपसे जुड ? की कोशिश करेंगे। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। समाज में आज आपको मानसम्मान मिलेगा। अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए आप अपनी डेली रूटीन में कुछ चेंजेस करेंगे।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा, बस आप मेहनत पर कंसन्ट्रेट करें। किसी काम में अपनों की मदद मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा। आज जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे, आपके रिश्तें में मजबूती आएगी। समाज में आपके सराहनीय काम का सम्मान किया जायेगा। आपका कॉन्फिडेंस आपको सक्सेस लदिला सकता है। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे। आज आपकी सोच और प्लानिंग स्पष्ट रहेगी।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आयेगा। आज कोई इम्पोर्टेन्ट काम सहयोगियों की मदद से पूरा हो जायेगा। आज आप किसी बात को लेकर नेतृत्व करेंगे जिसमें अन्य लोगों का भी सहयोग रहेगा। साथ ही किसी इम्पोर्टेंट टॉपिक पर बातचीत भी होगी, आपको अपनी बात कहने का मौका मिलेगा। इस राशि के जो लोग किसी दूसरे राज्य में व्यापार की शुरुआत करना चाहते हैं आज का दिन उनके लिए अच्छा हैं, परिवार का पूरा सपोर्ट मिलेगा।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन बहुत बढि?ा रहने वाला हैं। आपको किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आएगा, जिससे आप कॉन्फिडेंस फील करेंगे। किसी जरूरी काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिलेगा समय का पूरा सदुपयोग करें। आज दूसरों को जितना ज्यादा महत्व देंगे, आपको भी उतना ही महत्व मिलेगा। आज आप कोई क्रिएटिव वर्क करेंगे। काम की वजह से आप फैमिली को समय नहीं दे पाएंगे लेकिन परिवार का साथ आपको मिलेगा।

**तुला राशि :** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। आज अधिकारी वर्ग का सहयोग पाने में आसानी होगी, बिगड़ते काम बनेंगे। आज आप अपने बच्चों के किसी अच्छी जगह घूमने जायेंगे। बच्चों के प्रति आपका प्रेम आपको उनका प्रिय बना देगा। आज आप अपनी गलतियों से कुछ सीखेंगे। आज आप गौ सेवा करने के लिए गौशाला जाएंगे, जहां आप अन्य लोगों से भी मिलेंगे।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक स्थल पर जायेंगे, जहां आप जरूरतमंद लोगों की मदद भी करेंगे। हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे, आपका काम सफल होगा। आज किसी से मदद मांगने में संकोच न करें, सब आपके फेवर में है। आज आप किसी योजना की शुरुआत कर सकते हैं।

**धनु राशि :** आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आज आप अपने खास रिश्तेदार के पास जायेंगे। आज आपको सरकारी क्षेत्र से लाभ होने की संभावना हैं। किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के लिए कॉल आयेगी। आप कोई अच्छी बुक पढने का मन बना सकते हैं। जीवनसाथी के साथ घर के जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे। किसी सामान पर आपको अच्छा डिस्काउंट मिलेगा।

**मकर राशि :** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज किसी पुराने दोस्त से मिलने उसके घर जायेंगे, पुरानी यादें ताजा होगी। आज यात्रा करने से बचने की कोशिश करें। आपको थकान महसूस हो सकता है, अच्छी डाइट आपको फिट रखने में मदद करेंगी। आज प्राइवेट शिक्षकों का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। बच्चों के साथ थोड़ा टाइम स्पेंड कर सकते हैं।

**कुंभ राशि :** आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। इस राशि के जो लोग बेकरी का बिजनेस करते हैं, उन्हें आज उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा, जिससे आर्थिक स्थिति बेहतर बनी रहेगी। कला व साहित्य के लोगों के लिए भी आज का दिन बढि?ा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स अपने करियर को लेकर चिंतित होंगे बेहतर हैं अपने गुरु से परामर्श लें। माताएं अपने बच्चों को कुछ नया सिखाएंगी, जिससे बच्चों में नए विचार आएंगे।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आज पैसों के मामले में उन्नति के नये रास्ते खुलेंगे। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व दे जो आपके लिए ज्यादा महत्तवपूर्ण है। साथ ही आपको अपने काम, परिवार, और दोस्तों के बीच संतुलन बना कर रखना चाहिए। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है, कम्प्यूटर से रिलेटेड कोर्स ज्वॉइन कर सकते हैं। पिछले कई दिनों से ऑफिस का रुका काम आज समय से पूरा करने में सफल होंगे।

## व्यंग्य

# धंधे कैसे-कैसे

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

'अच्छा सब तैयार है!' नई वेब सीरिज के निर्देशक ने कैमरा मैने और कलाकार से पूछा। दोनों ने हाँ के प्रत्युत्तर में सिर हिला दिया। निर्देशक के एक्शन कहने के साथ अभिनय शुरू हुआ। कैमरामेन का कैमरा कलाकार पर केंद्रित था और कलाकार का ध्यान संवादों पर। कलाकार अपने अभिनय संवादों में बहते हुए कहने लगाः नमस्कार दर्शकों आज मैं सिखाऊँगा कि हमें किसी का खून करने के लिए तैयारी कैसे करनी चाहिए? होता यूँ है कि कई लोगों के भीतर जुर्म करने का कीड़ा मचलता रहता है। लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि जुर्म कैसे करें। मन में रह-रहकर ख्याल आते रहते हैं कि जुर्म करने पर कहीं पकड़े तो नहीं जायेंगे? पकड़े जायेंगे तो पुलिस उनके साथ क्या करेगी? आदि-आदि। निर्देशक ने कैमरामेन से कलाकार को क्लोजर में लेने का निर्देश दिया। कलाकार कैमरे की स्क्रीन पर जूम हो उठा था। कलाकार अपनी धारा प्रवाह में संवाद कहने की जगह उसमें जीने लगा और कहाः तो आज हम आपको चुटकियों में जुर्म चैनल के जरिए अपराध की दुनिया में न केवल प्रवेश करना सिखायेंगे बल्कि उसमें निपुण भी बनायेंगे। तभी वहाँ एक पुलिस अधिकारी आ गया। जब उसे निर्देशक से पता चला कि वह जुर्म की दुनिया में प्रवेश करने और निपुण बनाने के लिए वेब सीरिज बना रहा है तो उसका माथा ठनका। वह निर्देशक की क्लास लगाने ही वाला था कि निर्देशक बोल पड़ा देखिए साहब! आजकल यूट्यूब पर गलाकाट कांपटीशन चल रहा है। हमारे चुटकियों में जुर्म चैनल के एक लाख सब्सक्राइबर्स हैं। उन्हें नए-नए विषय पर वीडियो बनाकर देने पड़ते हैं, नहीं तो हमारी कमाई गिर जाएगी।

पुलिस अधिकारी ने फटकारते हुए कहाः वेब सीरिज बनाने का इतना ही शौक है तो कुछ पकवान या फिर डैंस संबंधी वीडियो बनाओ। ऐसे जुर्म को बढ़ावा देने वाले वीडियो बनाते हुए तुम्हें शर्म नहीं आती? निर्देशक ने भोले मन से कहाः आती है साहब! लेकिन क्या करें? खाने पकाने और डैंस जैसे विषयों पर असंख्य वीडियो बन चुके हैं। इसलिए दर्शकों को आकर्षित करने के लिए नए-नए विषय के साथ आगे आना पड़ता है। विश्वास न हो तो आप खुद ही यूट्यूब देख लीजिए। बिना चिकित्सा सीखे लोग घर पर ही गर्भवती स्त्री का ऑपरेशन कर रहे हैं। खून करने के तरीके और उससे बचने के उपाय बताये जा रहे हैं। चूंकि हमारे सब्सक्राइबर्स अधिक हैं इसलिए वे हमें कमेंट बॉक्स में नए-नए वीडियो बनाने पर मजबूर कर रहे हैं, नहीं तो अनसब्सक्राइब करने की धमकी रहे हैं। अब करें तो क्या करें? यह सुनकर पुलिस अधिकारी निरुत्तर रह गया।

# बाल दोमुंहे ही क्यों होते हैं, चार मुंहे या छह मुंहे क्यों नहीं?

लड़के हों या लड़कियां, युवक हों या युवतियां अपने बालों को लेकर सभी फिक्रमंद रहते हैं. खासतौर से जो बाल लंबे रखते हैं वो उनकी देखभाल में खुद भी बालों की तरह ही उलझे रहते हैं. कोशिश ये होती है कि खुद उलझें या न उलझें बाल स्मूद और हेल्दी होने चाहिए. ऐसे में बालों के आखिरी छोर पर स्प्लिट एंड दिखता है तो टेंशन भी ज्यादा होने लगता है. स्प्लिट एंड इस बात का इशारा होते हैं कि आप जो भी देखभाल और पोषण बालों को दे रहे हैं वो अब उनके लिए नाकाफी है. ये स्प्लिट एंड्स बालों को खासा नुकसान पहुंचाते हैं और ग्रोथ पर असर डालते हैं. ऐसे ही बालों को दो मुंहा भी कहा जाता है. लेकिन क्या कभी आपने सोचा कि बालों को दो मुंहा ही क्यों कहते हैं.




**क्यों कहलाते हैं दो मुंहे बाल ?**-आपके बाल अगर नीचे के सिरे तक पहुंचते पहुंचते बहुत रफ हो रहे हैं और अनटाइडी दिख रहे हैं तो आखिरी सिरे पर गौर जरूर करें. हो सकता है कि आपके बालों के आखिरी सिरे पर एक ही बाल से दूसरा बाल उगा हुआ दिखाई दे. ऐसी ही बालों को दो मुंहे बाल कहा जाता है. वैसे तो एक बाल से बहुत सारे सिरे निकल सकते हैं. उसके बावजूद स्प्लिट एंड वाले बालों को दो मुंहे बाल ही कहा जाता है. इसकी वजह ये है कि डैमेज हेयर में अधिकांश बाल ऐसे ही होते हैं जिसमें एक से दूसरा बाल निकलता है और दो मुंह दिखाई देते हैं. इसलिए इन्हें प्रचलित शब्द दो मुंहे के आधार पर दो मुंहे ही कहा जाने लगा.

**क्यों होते हैं दो मुंहे बाल ?**-जब बाल डैमेज होते हैं और पोषण ठीक तरह से नहीं मिलता दो बाल नीचे से स्प्लिट हो जाते हैं. इसके बाद बालों को मिलने वाला पोषण दोनों सिरों में बंटने लगता है. ठीक से पोषण न मिल पाने से बाल कमजोर होते जाते हैं और पतले होकर टूटते जाते हैं. इसलिए बालों को दो मुंहे होने से बचाना जरूरी होता है. ज्यादा संख्या में बाल दो मुंहे हो जाएं तो उन्हें ट्रिम कराना ही बेस्ट ऑप्शन होता है.

राजनीति

डॉ सूर्यकांत मिश्रा

# गांधी परिवार की पूंछ पकड़कर वैतरणी पार नहीं होगी !



पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को मिले मतदाताओं के इशारे के बाद क्या कांग्रेस के खेमे में भविष्य की चिंता जन्म लेगी ? कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व विगत कई दशकों से किंतु- परंतु जैसे सवाल खड़ा करता रहा है ! महारानीसाथ ही युवराज की गतिविधियां कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को सोचने के लिए विवश न कर रही हों , ऐसा मैं नहीं मानता । सवाल यह उठता है कि विरोध की ताकत क्या खाकर पैदा की जाए ? भारतवर्ष की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी की धरातल पर दुर्गति किसी से देखी नहीं जा रही है , किंतु सभी ने आंखों पर पट्टी बांध रखी है ! दबी जुबान से यह बात भी बाहर निकलती रही है कि कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के लिए शीर्ष नेतृत्व में परिवर्तन की जरूरत है । जहां तक मैंने अनुभव किया है , कांग्रेस को शीर्ष नेतृत्व में बदलाव से पूर्व अपनी मानसिकता में बड़ा परिवर्तन लाने की जरूरत है । कब्र पर पैर लटकाए बैठे बुजुर्ग कांग्रेसियों से लेकर राजनीति की गहरी समझ रखने वाले कांग्रेसियों की मानसिकता नेहरू- गांधी घराने से नहीं उबर पा रही है ! किसी भी निर्णय से पहले गांधी परिवार सामने आता है । पार्टी उसके बाद । सबसे बड़ी विडंबना यह कि देश और देश हित एक कोने में पड़ा कराहता दिखाई पड़ता है । कांग्रेसियों को ऐसा लगने लगा है की अंतिम सांस ले रही कांग्रेस और कांग्रेसी गांधी परिवार की पूंछ पकड़ कर ही वैतरणी पार कर सकते है !

पूरे हिंदुस्तान में अन्य दलों की जनक और लोगों को राजनीति की शिक्षा देने वाली कांग्रेस यह क्यों नहीं समझ पा रही है कि नए नेतृत्व के रूप में देश हित को सर्वोपरि रखकर पार्टी के उद्देश्य और हाई कमान का चलन आज की स्थिति में अनिवार्य है । डेढ़ सौ वर्ष पुरानी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जब तक अपने पुनर्गठन को भारत वर्ष के गौरवशाली इतिहास के संदर्भ में वैश्विक ताकत प्रदान करने और सनातन विचारधारा को अंगीकार करने के लिए प्रतिज्ञ नहीं हो जाती , उसे सत्ता में वापसी का सपना देखना छोड़ देना चाहिए । जिस प्रकार की विचारधारा को लेकर कांग्रेस चल रही है , उससे जल्द ही उसका अस्तित्व मिट्टी में मिल जाने वाला है । पुरानी तुष्टिकरण की नीति पर चलकर नए नेतृत्व के बावजूद कांग्रेस के लिए वापसी की अपेक्षा करना बेमानी ही होगा । कड़वी बात लिखी जाए तो कांग्रेस ने अपने लंबे शासन काल में नादिर शाह और चंगेज खान से ज्यादा देश को लूटा है ! मेरे पाठकों को विश्वास करना होगा कि अनेक सर्वे रिपोर्टर्स ने कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी को विश्व की सबसे धनी महिला करार दिया है ! मैं पूछना चाहता हूं कांग्रेसियों से - कि वे यह बताने का कष्ट करें कि सोनिया जी देश में और देश के बाहर कौन सा व्यापार करती हैं ? जिससे वह धनी बनी हुई है ! देखा जाए तो कांग्रेस एक वंशवादी पार्टी बनकर रह गई है । यही कारण है कि देश के हर कोने में उसका जनाधार खत्म हो चुका है । यह एक ऐसा दल बनकर रह गया है जो सालों साल अपना स्थाई अध्यक्ष भी नहीं चुन पा रहा है । तथा कथित गांधी परिवार तक सिमट चुकी कांग्रेस मां , बेटी और बेटे का पर्याय बन कर रह गई है ! इस पार्टी का मंदबुद्धि युवराज हमेशा अपने गैर जिम्मेदाराना बयान बाजी के चलते न्यायालय में माफी की मुद्रा में हाथ जोड़े खड़ा रहता है । वंशवाद का पल्लू न छोड़ पाने की वजह से ही स्वतंत्रता संग्राम में अपना दमखम दिखाने वाली कांग्रेस नेतृत्व विहीन हो चुकी है ! यह दल ऐसे युवराज का पोषक बन चुकी है जो कभी लोकसभा में आंख मारता है , तो कभी सार्वजनिक मंचों पर खुले आम भारतीय संस्कृति को शर्मसार कर अपनी बहन के साथ गलबहियां कर उसकी चुम्मी लेता है ! इतना ही नहीं कभी सारी मोदी जाति को चोर कहता है , तो कभी देश के प्रधानमंत्री को पनौती जैसे शब्द से अपमानित करता है ! ऐसे ही अपरिपक्व नेतृत्व के कारण कांग्रेस को स्वतः ही विपक्ष का नेतृत्व करना छोड़ देना चाहिए । मुझे तो ऐसा लगता है कि अब कांग्रेस को राजनीतिक दल कहना भी छोड़ देना चाहिए । कारण यह कि यह पार्टी अब गांधी परिवार और उसके चाटुकारों का जमावड़ा मात्र बनकर रह गई है ! पार्टी पर जब भी कोई राजनीतिक संकट आता दिखता है , तो बंटी और बबली अपनी मां के साथ कहीं ट्रिप पर निकल जाते हैं !

भारतवर्ष के महान राजनीतिज्ञ ₹ चाणक्य ₹ ने कहा था 'विनाश काले विपरीत बुद्धि' वर्तमान में कांग्रेस अपनी अंतर कलह की वजह से शनै ..शनै ..उन नेताओं को खोती जा रही है जिनका एक बड़ा जनाधार हुआ करता था । इसका कारण भी मेरी नजर में परिवारवाद ही है । आज स्पष्ट दिख रहा है कि 21वीं सदी की कांग्रेस कथित गांधी परिवार की ₹ प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ₹ बनकर रह गई है , न कि एक राष्ट्रीय दल ! भारत ..तेरे टुकड़े होंगे ..जैसे राष्ट्र विरोधी नारों को गुंजायमान करने वाले लोगों को कांग्रेस अपनी गोद में बिठाकर क्या सिद्ध करना चाहती है ? इसे भी देशवासी बखूबी समझ रहे हैं । वर्तमान में देखा जाए तो कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्या यह है कि वह जमीन पर काम नहीं कर पा रही है । वह तथा उसका नेतृत्व करने वाले यह इंतजार करते दिखाई पड़ रहे हैं कि भाजपा कोई ऐसी गलती करे जिससे देश के मतदाता उसे नकार दें और सत्ता कांग्रेस को सौंप दें ! ऐसा शायद इस जन्म में तो संभव नजर नहीं आता ! हम यदि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के इतिहास में झांके तो इसका काम 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के साथ ही खत्म हो चुका था । गांधी जी ने कांग्रेस को भंग करने की सलाह दी थी , ताकि सभी राजनीतिक पार्टियों को लेवल प्लेयिंग फील्ड मिल सके । यहां भी पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उनकी बात नहीं मानी । इसके बाद से ही वोटो के चक्कर में कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी नहीं रही और तुष्टीकरण के आंचल में सिमटी चली गई । पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जिस परिवारवाद का पौधा रोपा उसे ही लोग सींचते चले आ रहे हैं ! न तो वह पौधा हरियाली दे पा रहा है और न ही फल देने के लायक बन पा रहा है ! अब जब वह 21वीं सदी में देखा जा रहा है तो एक वृद्ध और बेसहारा वृक्ष की भांति हल्की सी हवा में अपने शरीर को छोड़ने लगता है । शायद वह दिन दूर नहीं जब एक अच्छे उद्देश्य और फल प्राप्त की इच्छा के साथ रोपा गया कांग्रेस रूपी पौधा धूल- धूसरित होकर जमींदोज हो जाए !



## विकसित भारत संकल्प यात्रा के संचालन के लिए कार्यशाला का आयोजन

**सुकमा 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरिस.एस के निर्देशन एवम् जिला पंचायत सीईओ श्री डीएन कश्यप के मार्गदर्शन में विकसित भारत संकल्प यात्रा राष्ट्रव्यापी अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत सुकमा के सभाकक्ष में एक दिवस जिले में नियुक्त विभागीय नोडल अधिकारी, हेल्थ विभाग, पटवारी, पंचायत सचिव एवं कृषि विभाग सहित अन्य अधिकारीगण एवम् कर्मचारिगण का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डिप्टी कलेक्टर श्री अजय मोडियम एवम् श्री बलवंत मार्को एपीओ जिला पंचायत सुकमा द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम से जुड़ी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जनजागरुकता हेतु जागरूकता वाहन नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगा। जिसमें शासन की समस्त योजनाओं एवं उससे लाभांवित हितग्राहियों से चर्चा किया जाएगा। इसी प्रकार ऽमेरी कहानी मेरी जुबानीऽ के अन्तर्गत लाभार्थियों द्वारा योजना के लाभ के बारे में उनके अनुभव बताने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत से लाभार्थियों की पहचान कर और ऑनलाइन पोर्टल में जानकारी दर्ज किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं-केसीसी, पीएम किसान योजना, जैविक खेती मिशन, स्वायॅल हेल्थ कार्ड योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, योजनाओं की सफलता की कहानी तैयार करने के लिए निर्देशानुसार कार्य करने हेतु सभी अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ग्राम स्तर पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को उनके कार्यो के संबंध में विस्तृत रूप से निर्देशित किया गया।



# अवैध रेत उत्खनन,परिवहन,भंडारण पर खनिज विभाग मूकदर्शक

**सत्ता परिवर्तन के बाद भी अवैध रेत खनन धड़ल्ले से जारी अधिकतर खदानों मे चेनमाऊंटेन मशीनों से उत्खनन**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 16 दिसंबर।** मगरलोड ब्लाक के अंतर्गत पैरी नदी और महानदी की सीना चीर कर निकाली जा रही है रेत रेतमाफियाओं के लिए मगरलोड छेत्र बना सुरक्षित जगह, क्या यह अवैध रेत उत्खनन राजनीतिक संरक्षण में हो रहा है ? क्या छत्तीसगढ़ के नये आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रेतमाफियाओं के ऊपर सक्त कार्यवाही करने के निर्देश जारी करने की हिम्मत जुटा पायेंगे आम लोगों के बीच बड़ा सवाल ? धमतरी जिले वासियों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से काफी



उम्मीद और अपेक्षा है..अब देखना होगा कि धमतरी जिलेंवासियों के उम्मीदों में कितना खरे उतरते है, प्रदेश पर 86 हजार करोड़ का कर्ज है और सरकार का खजाना खाली है लेकिन एक तरफ सरकारी राजस्व की खुलेआम चोरी कर रेत माफिया और राजनीतिक लोग अपने जेब भरने में लगे हुए हैं, इस तरह खनिज संपदा को लूटने का कार्य किया जा रहा है,अधिकतर खदानों मे खुलेआम चैनमाऊंटेन मशीनों से उत्खनन किया जा रहा है आपको बता दें कि बुड़ेनी,दमकाडीह, (ठेकला) गाड़ाडीही अमलीडीही,हतबन, मुड़ीभांवर, से रेत निकाल कर,अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है एवं कई स्थानों पर रेत का भण्डारण किया गया है, कार्रवाई नहीं होने से ऐसा लगता है कि खनिज विभाग की संरक्षण में यह रेत खदान चल रहा है, कार्यवाही नहीं होने से रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

## निर्धन परिवारों को पक्का आवास देने के निर्णय से हितग्राहियों में खुशी

**उत्तर बस्तर कांकेर, 16 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित केबिनेट की पहली बैठक में राज्य के 18 लाख से अधिक जरूरतमंद गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, जिससे जिले के हितग्राहियों में खुशी की लहर है। ग्राम-कोदागांव के ग्रामीण श्री यशवंत कुमार साहू ने बताया कि उनके परिवार में चार सदस्य हैं और वे वर्तमान में पुराने एवं कच्चे मकान में रहते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे पक्का मकान नहीं बना पा रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 18 लाख परिवारों को आवास देने का निर्णय लिया है, जिससे वे बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से उन्हें अब पक्का मकान का सपना पूरा होगा, जिससे आर्थिक बोझ कम होगा और बरसात के दिनों में होने वाली दिक्कतों से भी छुटकारा मिलेगा।



**सुकमा 16 दिसंबर।** माननीय पूर्व कैबिनेट मंत्री व कोंटा विधायक श्री कवासी लखमा जी माँ बम्लेश्वरी की आशीर्वाद प्राप्त करने पहुँचे। उन्होंने पूजा पाठ कर क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किये। साथ मे उपस्थित रहे बीजापुर विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी जी, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल जी।

## स्वच्छ भारत अभियान के तहत जिले में चलाया जा रहा विशेष स्वच्छता कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 16 दिसंबर।** जिले में स्वच्छ भारत अभियान के तहत् विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशन एवम जिला पंचायत सीईओ श्री डीएन कश्यप के मार्गदर्शन में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम के तहत् जिले में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की विशेष पहल की जा रही है।जिले में सफाई अभियान चलाने और स्वच्छ एवं सुंदर आभियान का रहा असर व्यापक रहा। स्वच्छता अभियान अंतर्गत जिला मुख्यालय सुकमा के नगर पालिका परिषद सुकमा, नगर पंचायत दोरनापाल सहित अन्य क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत सार्वजनिक स्थानों, स्वास्थ्य केंद्र, उद्यानों, अलग अलग वार्डो सहित अन्य स्थानों में साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। स्वच्छता के प्रति जागरूक करने जिले में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित किये जाने श्रमदान भी कराया जा रहा है। जिसमें मंदिरों, गावों में सफाई श्रमदान के माध्यम से कराई जा रही है। इसके साथ ही जनसामान्य को घरों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, स्वच्छता से जुड़े बीमारियों को नियंत्रित करने, स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करने तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में जनजागरूक किया जा रहा हैं।



**समाचार संक्षेप**

## गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**सुकमा, 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हरिस एस. के द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 62 तथा छत्तीसगढ़ आबकारी देशी विदेशी मदिरा की फुटकर विक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2002 के तहत वर्ष 2023-24 के देशी/विदेशी मदिरा लायसेंस शर्त की कंडिका-16 के तहत् जिला-सुकमा की समस्त देशी विदेशी मदिरा दुकान सी. एस. 2 (घघ), एवं विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल.-1 (घघ) तथा एफ.एल.-7 सैनिक केन्टीन फुटकर को 18 दिसम्बर 2023, सोमवार को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है । उक्त अवधि में जिला सुकमा के समस्त देशी विदेशी मदिरा दुकान व एफ.एल.-7 कैटीन में सदिय का सपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### एसडीएम ने उप स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण



**सुकमा, 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं लोगों को मिल सकें इसके लिए कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देश पर सुकमा एसडीएम सुश्री प्रीति दुर्गम ने बड़ेसेट्टी पहुंचकर उप स्वास्थ्य केन्द्र में हो रहे निर्माणधीन अतिरिक्त कक्ष का निरीक्षण किया और कार्य की गुदवत्ता देखी। इस दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केन्द्र निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ली। उन्होंने केंद्र प्रभारी से नवजात शिशु और गर्भवती माताओं की जानकारी लेकर समय समय पर टीकाकरण करने को कहा और शासन के स्वास्थ्य संबंधित योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़ेसेट्टी में 50 सीटर नवीन आश्रम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके अलावा बड़ेसेट्टी में स्वीकृत 100 सीटर आश्रम के लिए ग्रामीणों से चर्चा कर जगह का भी चिन्हांकन किया गया। इस दौरान तहसीलदार सुकमा श्री अजय मोडियम, नायब तहसीलदार श्री अनिल ध्रुव, एसडीओपी श्री परमेश्वर तिलकेश्वर, टीआई श्री सुनील कुमार सिंग उपस्थित थे।

### नई चेतना जेंडर अभियान 2.0 के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला



**सुकमा, 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत सुकमा के द्वारा गुरुवार को डीपीआरसी भवन में नई चेतना जेंडर अभियान 2.0 लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान का जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से घरेलू हिंसा, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न ( निवारण, प्रतिषेध ओर प्रतितोष अधिनियम 2013 ) के संबंध में जानकारी दी गई। सखी सेन्टर के केंद्र प्रशासक व काउन्सलर के द्वारा केन्द्र में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया। तदुपरांत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोगी संस्था ट्रिफ (टीआरआईएफ) के एसोसिएट प्रैक्टिशनर परिधि व साथी के द्वारा जेंडर को लेकर जागरूकता एवं लैंगिक भेदभाव, असमानता, और जेंडर आधारित हिंसा को दूर करने में शिक्षा का योगदान के बारे में बताया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन ने बताया कि यह अभियान खंड स्तर, संकुल स्तर ग्राम संगठन स्तर व स्व- सहायता समूह तक चलाया जाएगा। कार्यशाला में मुख्य रूप से बिहान के केडर, पीआरपी, सीएलएफ, ट्रिफ संस्था के सदस्य सखी वन स्टाप सेंटर से केन्द्र प्रशासक, कौंसलर तथा बिहान से विकास खंड परियोजना प्रबंधक जिला कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी चैंपियन को दिया गया प्रशिक्षण




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 16 सितंबर।** जिले में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी चैंपियन को प्रशिक्षित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.महेश सांडिया के मार्गदर्शन में टीबी स्वस्थ्य विभाग और पिरामल स्वास्थ्य के संयुक्त तत्वधान में प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। जिसमे क्षय रोग को मात दे चुके मरीज अब टीबी चैंपियन बनकर लोगो को टीबी के प्रति जागरूक करेगे। जिला अस्पताल सभा कक्ष मे 28 टीबी चैंपियन को पिरामल स्वास्थ्य से डॉ.फैजल रजा खान द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे टीबी चैंपियन को गाइडलाइन के अनुसार पीपीटी एवं विडियो के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। टीबी बिमारी से ठीक हुए मरीजो मे से शिक्षित व कुशल मरीजो को चिन्हित कर उन्हे टीबी चैंपियन की उपाधि दी गई। प्रशिक्षण मे डब्ल्यूएचओ से राज्य सलाहकार मनीष मसीह जिला क्षय विभाग से जिला कार्यक्रम समन्वयक मुकेश रॉय पिरामल स्वास्थ्य से जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश सोलंकी पीपीएमडीटी समन्वयक जय नारायण सिंह पीपीएम समन्वयक नवीन पाठक एसटीएलएस संतोष चौहान, सरफराज खान प्रशांत खलखो व सभी एस टी एस उपस्थित थे।

# मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत दूरस्थ गांवों में जांच जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 16 दिसंबर।** मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान 9 वां चरण के अंतर्गत जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए गांव गांव जाकर मलेरिया जांच की जा रही हैं। इसी क्रम में अतिसंवेदनशील दुर्गम सेक्टर मानकपाल, पोरदेम, गुफड़ी सहित अन्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मलेरीया जांच की जा रही है। जिले के समस्त ग्रामीण एवं सुदूर अंचल क्षेत्रों में लोगों का शत प्रतिशत मलेरिया जाँच एवं तत्काल उपचार के साथ ही मलेरिया के प्रति जागरुक किया जा रहा है। जिले मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 325 सर्वे दल का गठन किया गया है। यह सर्वे दल जिले के सभी ग्राम स्तर के प्रत्येक घर घर जाकर मलेरिया




टेस्ट कर रही है। वहीं मलेरिया पॉजिटिव व्यक्तियों को मौके पर दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। भियान में यह भी ध्यान रखा जा रहा है कि पॉजिटिव आने वाले मरीजों को पूर्ण रूप से दवाई का सेवन कराया जाए एवं उसके पश्चात इसकी स्लाइड बनाकर यह भी जांच किया जाए कि उसकी स्थिति किस प्रकार की है। इस दौरान राज्य से आईईसी श्री दिनेश चंद्रा , जिला टीसीआई श्री राहुल, जिला सलाहकार ,पीएचसी की संयुक्त टीम, मितानिन मलेरिया जांच का निरीक्षण किया गया। इस दौरान फ़ॉलोउप केस की जांच की गयी। साथ ही घरों में लार्वा जांच, ट्रीटमेंट कार्ड की जांच की गयी।

इस अवसर पर ग्रामीणों को मच्छरदानी उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा मलेरिया संबधित रिपोर्ट के बारे में बताया गया, ट्रीटमेंट पूर्ण होने पर दुबारा मरीज की जांच हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में कराने हेतु जागरुक किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम जिलेंके दुर्गम मार्गो से होते हुए , लोगों को स्वास्थय चिकित्सा उपलब्ध करा रहे है। साथ ही लोगों को जांच कर, स्वास्थ्य सम्बन्धित परामर्श भी दे रहे है। उल्लेखनीय है कि जिले के नगरीय और अंदरुनी क्षेत्रों के गांवों में मलेरिया जाँच एवं उन्मूलन जागरूक अभियान नियमित रूप से संचालित की जा रही है।

## जिला स्तरीय शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**सुकमा, 16 दिसम्बर।** स्वामी विवेकानंद बहुउद्देशीय सभागार सुकमा में कलेक्टर श्री हरिस एस. की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में मुख्य एजेण्डा जाति व निवास प्रमाणपत्र प्रगति, आनलाइन स्कूल मानिटरिंग, इजीएल एंव शाला त्यागी अप्रवेशी, एफएलएन,बालवाड़ी, बालिका शिक्षा स्वास्थ्य, शिक्षा गुणवत्ता,10वी 12वीं पाठ्यक्रम पूर्णता एंव राष्ट्रीय आविष्कार अभियान स्कूलवार, संकुलवार विकासखंडवार विस्तार से समीक्षा की गयी। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान विकासखंड सुकमा के प्राथमिक शाला रामपुरम की प्रधान अध्यापक श्रीमती गीता साहू एवम् संकुल समन्वयक श्री सुरेंद्र प्रताप राज को कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही लापरवाही पर कार्यवाही नहीं करने को लेकर कलेक्टर ने बीईओ सुकमा पर नाराजगी जताते हुए, कोताही बरतने पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा के दौरान संकुल समन्वयकों द्वारा निरीक्षण में कोताही बरती जा रही है, उन्हे एक सप्ताह का समय दिया गया, प्रति सप्ताह जिला शिक्षा अधिकारी संकुल समन्वयकों के निरीक्षण रिपोर्ट जांच कराने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह को जिला के लोगों ने उत्साह से टीवी पर देखा

- **शपथ ग्रहण समारोह के सीधा प्रसारण के लिए सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में की गई थी व्यवस्था**
- **जिलेवासियों ने मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का लाईव प्रसारण देखा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,16 दिसंबर।** प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण प्रदेश भर में किया गया। जिसका सुकमा जिले के सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में भी सीधा प्रसारण की व्यवस्था की गइ थी। छत्तीसगढ़ प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के साथ ही श्री विजय शर्मा और श्री अरुण साव ने भी उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। जिले आज हो रहे शपथ ग्रहण समारोह को लेकर लोगों में भारी उत्साह रहा। जिले में शपथ ग्रहण समारोह को लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी, जहां से आम जन रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित नवनियुक्त सीएम शपथ ग्रहण समारोह को देखे। इस अवसर पर भारी संख्या मे नागरिकों ने लाइव शपथ प्रसारण मे शामिल हुये। जिले मे पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक जनता के देखने सुनने के लिए जिला प्रशासन द्वारा इंतजाम किया गया था।



## नक्सलियों की दण्डकारण्य स्पेशल ज़ोनल कमेटी के बंद का बहिष्कार करो:फ़ारूख अली

**बस्तर 16 दिसंबर।** नक्सलियों द्वारा पर्चा जारी कर 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक प्रचार अभियान को सफल बनाते हुए 22 दिसम्बर को भारत बंद का आह्वान किया है,नक्सली पर्चे पर पलटवार करते हुए नक्सलविरोधी विचारक फ़ारूख अली ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नक्सली फ़रमान का बहिष्कार करने जनता से अपील किया। फ़ारूख ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से नक्सलियों पर आरोप लगाते हुए कहा नक्सली अंदरूनी गावों मे जवानों को नुक़सान करने एवं जनता मे दहशत फैलाने की नियत से प्रेशर आईईडी लगाकर नजाने कितने निर्दोष ग्रामीणों मवेशियों एवं हमारे जाँबाज़ जवानों की जान ली है। नारायणपुर मे बीते कुछ दिनों मे ग्रामीणों की हत्या कर डाला मज़दूरों को आईईडी लगाकर ब्लास्ट मे हत्या कर डाला धोके से जवानों को आईईडी लगाकर ब्लास्ट करके शहीद किया,कांकेर ज़िले मे बीते दिन एक बीएसएफ़ जवान को आईईडी लगाकर शहीद किया.फ़ारूख ने नक्सलियों को सवाल करते हुए कहा आप सिर्फ़ दहशत फैलाना चाहते हैं विकास विरोधी हो क्यों की आप को डर है जनता तक विकास पहुँचेगा तो जनता आपको सहारा नही देगी।

**17 दिसंबर से अक्षत कलश वितरण की बनी रूपरेखा**

# संघ कार्यालय में विश्व हिंदू परिषद एवं हिंदू जागरण मंच की बैठक

**दंतेवाड़ा 16 दिसंबर।** शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद एवं हिंदू जागरण मंच का संयुक्त बैठक सम्पन्न हुआ जिसमें 17 दिसंबर को अयोध्या से प्राप्त अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम का प्रारूप तय किया गया। जिसमें चार खंड चार नगर को अक्षत कलश वितरण करने का प्रारूप बनाया गया है ।

बैठक दंतेवाड़ा के संघ कार्यालय में दोपहर 2 बजे आयोजित की गई थी जिसमें विश्व हिंदू परिषद एवं हिंदू जागरण मंच समेत संघ के अनुसंगिक संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

इस दौरान कार्यकर्ताओं में रामकाज के लिए पूर्ण रूप अपने दायित्वों के निर्वहन पर सहमति बनी । बैठक में निर्णय लिया गया कि 17 दिसंबर सुबह 11ः30 बजे से हनुमान मंदिर बस स्टैंड से अक्षत कलश वितरण एवं अयोध्या राम मंदिर का छायाचित्र एवं पत्रक वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा ।

ज्ञात रहे कि अक्षत कलश एवं भगवान श्री राम



की एक लाख से ज्यादा फोटो और पत्रक स्वयंसेवकों ने वितरण के लिए तैयार किया है । समाज के सभी हिंदू भाइयों से भी अपील किया गया है की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राम काज में सहभागिता निभाते हुए इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएं।

## सुकमा जिले को 3 गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल

**सुकमा 16 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में पहली बार 1 सेट चैपियनशिप स्टेट क्वान की-दो 2023 का आयोजन अम्बिकापुर के गांधी स्टेडियम खेलो इंडिया हॉल में 9 से 10 दिसंबर तक आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में सुकमा जिले के खिलाड़ियों ने अपनी सूझ-बूझ और स्फूर्ति का परिचय दिया। जिसमें सुकमा जिले को 3 गोल्ड मेडल और एक ब्रॉन्ज पदक मिले हैं। जिनमें छिंदगढ़ होली कॅमिली स्कूल के विमल दूधी, स्वामी आंत्मान्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल सुकमा के निखिल साहू और केन्द्रीय विद्यालय की सृष्टि वर्मा को गोल्ड मेडल से नवाजा गया। वहीं केन्द्रीय विद्यालय की शैल साहू को ब्रॉन्ज मेडल पुरस्कृत किया गया। सभी विजेता खिलाड़ियों को आगमी माह फरवरी 2024 में बनारस नेशनल खेलने का अवसर मिला है। कोच दीपक कुमार ने बताया कि 7 विधाओं से मिलकर ताइक्वांडो बना है, जिनमें से एक विधा क्वान की-दो है। इस विधा से जुड़कर छात्र-छात्राएं आत्मरक्षा के गुर सीख रहे है। इस विधा को सीखकर हम स्वयं के साथ दूसरों की भी रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने ताइक्वांडो सीखने के इच्छुक लोगों को आईएमएसटी स्कूल सुकमा में संपर्क करने कहा। विजेता खिलाड़ियों ने बताया कि यह आत्मरक्षा की विधा ताइक्वांडो सभी के लिए बेहद जरूरी है। इस विधा से शारिरिक मजबूती, मानसिक संतुलन कायम रहती है। उन्होंने आगे भी इस खेल विधा से जुड़कर जिले का नाम रोशन करने की बात कही।



## एक नजर

### कौहाकुंडा में 15 एकड़ जमीन पर बढ़ता जा रहा है अतिक्रमण



**रायगढ़, 16 दिसम्बर।** शहरों में आबादी बसाहट को योजनाबद्ध तरीके से बढ़ाने पर काम किया जा रहा है, वहीं रायगढ़ में एक के बाद एक नई स्लम बस्तियां तैयार की जा रही हैं। कौहाकुंडा बस्ती का आकार इतनी तेजी से फैल रहा है कि अब कई एकड़ सरकारी जमीन कब्जाई जा रही है। इसे रोकना तो दूर अधिकारी झांकने तक नहीं गए हैं। कौहाकुंडा में कभी दस एकड़ सरकारी जमीन थी जो अब सिकुड़ती जा रही है। लोगों ने अवैध कब्जे करके एक नई बस्ती बसा ली है। यहां अंदर जाने के लिए सडक़ ही नहीं है।

अब पंचायत ट्रेनिंग सेंटर और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज के पीछे करीब पांच एकड़ सरकारी जमीन भी ऐसे ही कब्जाई जा रही है। पहले ईंटों से कच्ची झोपड़ी बनाई गई थी। इसके चारों ओर की जमीन पर बांस गाड़कर घेरा बना लिया गया था। अब झोपड़ी को ही पक्का कर लिया गया है। अगले साल तक ये सभी पक्के मकानों में तब्दील हो जाएंगे। नगर निगम ने कौहाकुंडा में इस बसाहट को इसलिए बढ़ने दिया क्योंकि यहां कुछ लोगों के वोटबैंक हैं।हैरानी की बात यह है कि अतिक्रमण पर कार्रवाई के बजाय सरकारी जमीन को राजस्व विभाग भी हाथ से जाते हुए देख रहा है। जिन लोगों ने यहां अवैध कब्जा किया हैए वो कहीं और रहते हैं। लेकिन अब इस जमीन पर कब्जा करके मकान बना रहे हैं। यहां जाने के लिए कोई रोड नहीं है। केवल बाइक पर ही बड़ी मुश्किल से यहां तक पहुंच सकते हैं।

**अतिक्रमण को लेकर कलेक्टर सख्त**-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने टीएल बैठक में अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई करने को कहा है। कौहाकुंडा की सरकारी जमीन को अभी मुक्त कराया जा सकता है क्योंकि कुछ झोपडिय़ां अभी मकान नहीं बन सकी हैं। नगर निगम और राजस्व विभाग भी चुपचाप अतिक्रमण को बढ़ते हुए देख रहे हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा की सीएमएचओ ने दी विस्तृत जानकारी



**रायगढ़, 16 दिसम्बर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को को सफल बनाने के लिए जिला मितानिन समन्वयक, समस्त विकासखण्ड समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक एवं समस्त प्रशिक्षक मितानिन को कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने राज्य से प्राप्त दिशा-निर्देशों की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को अवगत कराया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा नामक एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान प्रारंभ होने जा रहा है। जिसमें कुल 17 योजनाओं की उपलब्धि पर ध्यान केन्द्रित किया गया है जिसमें सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रसारित करने, जागरूकता पैदा करने हेतु विशेषीकृत मोबाईल वैन की तैनाती के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में निम्न आय समूहों को शामिल करेंगे और सेवाओं का विस्तार किया जायेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा माह दिसंबर 2023 के दूसरे सप्ताह से 25 जनवरी तक लंबी यात्रा होगी। जिसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां तय की गई है। उक्त यात्रा के दौरान सामाजिक जागरूकता पैदा करने शहरी एवं ग्रामीण लोगों के साथ-साथ गरीब लोगों तक पहुंचने एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया जायेगा। इसके अंतर्गत सूचना प्रसारित करने के लिए पूरे प्रदेश में 150 से अधिक मोबाईल वैन तैनात की जायेगी। विभिन्न योजनाओं के तहत सेवाओं का विस्तार करने के लिए आईटी प्लेटफार्म मोबाईल एप का उपयोग किया जायेगा।

**इन योजनाओं का मिलेगा लाभ**-विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान निर्धारित विवरण के माध्यम से संभावित लाभार्थियों का पंजीयन किया जायेगा। इसके तहत चयनित योजनाओं में आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय क्षय रोग निर्मूलन कार्यक्रम, इसके अलावा जिन स्थानों पर मोबाईल वैन रूकेगी वहाँ स्वास्थ्य शिविर लगाए जायेंगे और एनसीडी एवं सिकल सेल की जांच व उपचार किया जाएगा।

यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान कार्ड का निर्माण एवं वितरण, आयुष्मान एप का उपयोग करके यात्रा के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, ऑन स्पॉट टीबी स्क्रीनिंग, निक्षय पोषण योजना, सिकल सेल की जांच की जायेगी ।

### आंगनबाड़ी सहायिका एवं कार्यकर्ता पद के लिए 3 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन

**रायगढ़, 16 दिसम्बर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र लाखा आवासपारा ग्राम-लाखा में आंगनबाड़ी सहायिका पद तथा आंगनबाड़ी केन्द्र-कोकड़ीतराई वार्ड क्रमांक 11 नगर पंचायत-किरोड़ीमल नगर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद रिक्त होने से उक्त पद पूर्ति के लिए 3 जनवरी 2024 तक आवेदन मंगाये गये है।

## राज्य में 18 लाख से अधिक परिवारों को मिलेगी आवास निर्माण की मंजूरी

# जरूरतमंद परिवारों के हित में बड़ा निर्णय





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 दिसंबर ।** बीजापुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस के माध्यम से जोड़े गये पात्र परिवारों को अब योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास देने की प्रक्रिया प्रारंम्भ की जायेगी हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका एक अपना स्वयं का पक्का मकान हो जिसमें वह अपने परिजनों सहित आराम की जीवन व्यतीत कर सके परन्तु आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण सभी का सपना सकार नहीं हो पाता गरीब असहायों के सपनों को सकार करने के वास्ते छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शपथ ग्रहण के तुरन्त पश्चात नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के द्वारा कैबिनट की पहली बैठक में 18 लाख आवास देने का राज्य सतर पर निर्णय लिया गया है जिसमें से योजनांतर्गत स्थायी प्रतिक्षा सूची में जिला बीजापुर अंतर्गत 10610 और आवास प्लस में 10188 परिवार इस फैसले से लाभान्वित होगे ।यह सुनकर हितग्राहियों के चेहरे में खुशी की लहर दौड़ गई, कई हितग्राही जिनका नाम आवास प्लस में इन्द्राज था। शासन का यह निर्णय सुनकर आवास मिलने की उम्मीद जागी है। जिनमे से तमलापल्ली निवासी बुधराम कोड्?डे, नरेन्द्र वासम और यालम रमेश खुश हो कर छत्तीसगढ़ शासन एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया है।हितग्राही श्री वासम नरेन्द्र ने कहा की मेरा नाम स्थायी प्रतीक्षा सूची में नहीं होने के कारण 2018 में आवास प्लस के माध्यम से मेरा नाम आवास पोर्टल में जोड़ा गया था परन्तु आवास प्लस के हितग्राहियों को आवास देने की प्रक्रिया शासन से प्रारंभ नहीं होने के कारण मैं निराश रहता था परन्तु जैसे ही मैने सुना की सभी को आवास मिलने की प्रक्रिया होने वाली है मेरे खुशी का ठिकाना नहीं रहा, मैं खुश हूँ कि मुझे जल्दी आवास मिलने वाला है।

# ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउण्डेशन ने किया कलम का लंगर का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,16 दिसंबर।** जामा मस्जिद बीजापुर में कलम का लंगर का आयोजन किया गया। इसका मकसद कौम के बच्चों को शिक्षा से जोड़कर एक बेहतर समाज की परिकल्पना करना है। यह बात आल मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष सिराज खान व उनकी प्रदेश की टीम ने अपने एक संदेश में कही है। उन्होंने कहा कि जिस एहतराम से हम नियाज़ के लंगर खिलाते आ रहें हैं। वक्त के अनुसार बड़े एतराम से इल्म,तालीम के भी लंगर कराए जाने चाहिए। इससे हमारी नस्ले जब इल्म से मजबूत होगी, तो और बेहतर फैसले लेंगी।फाउंडेशन की एक कोशिश है कि छत्तीसगढ़ की अलग-अलग मस्जिदों में बच्चों के लिए कापी और कलम का लंगर लगाए। और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का काम करे। मुस्लिम वेलफेयर फाउण्डेशन का मकसद ÷एक रोटी कम खाओ लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ

इसी के तहत शुक्रवार को बीजापुर के जामा मस्जिद में कलम का लंगर आयोजन किया गया। बस्तर संभाग आल मुस्लिम वेलफेयर फाउण्डेशन के संरक्षण वसीम अहमद तथा संभाग के सचिव साकिब खान के मार्गदर्शन में बच्चों के लिए कलम का लंगर लगाया गया। सदर इम्तियाज खान, अध्यक्ष अय्यूब खान, कमेटी मेंबर ताकि खान, मोहसिन खान, इदरीश खान, इमरान खान, हबीब खान, हाफिज अली के सहयोग से कलम बांटे गये। इस प्रोग्राम से बच्चों के साथ बड़ों में खुशियां देखी गई। जिलाध्यक्ष अय्यूब खान ने कहा कि आल मुस्लिम वेलफेयर फाउण्डेशन भविष्य में भी सामाजिक कार्यो के सहयोग में हमेशा तत्पर पर है। दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम के लिए क़ौम के बच्चों को प्रोत्साहित करेगी।

### गरियाबंद के स्काउट गाइड एडवेंचर शिविर हेतु रवाना



**राजिम, 16 दिसंबर।** राजिम भारत स्काउट्स एवम् गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त एवम् राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार,जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद रमेश कुमार निषाद एवम् जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन में डी ओ सी आशीष कुमार,सीमा साहू के नेतृत्व में राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन व्यक्तित्व विकास पर्वतारोहण शिविर पचमढ़ी में जिले गरियाबंद से एकलव्य आवशीय विद्यालय कोसमबुढा के पुष्पराज, कामदेव, तुलसी, परमेश्वरी, प्रभारी धनेश कुमार, एकलव्य अवशीय विद्यालय मैनपुर से योगेंद्र, भविष्य, साक्षी, राखी, सेजेस गरियाबंद लीमा, योगिनी, प्रभारी रोशनी साहू, सेजेस छुरा ऋषभ, हर्षिता, सेजेस राजिम नवीन, दिशारानी शिविर में सम्मिलित होने हेतु रवाना हुए, उक्त प्रतिभागियों को सेजेस राजिम प्राचार्य संजय एक्का के द्वारा राज्य द्वारा प्रदान किट वितरण कर सभी प्रतिभागियों उक्त शिविर हेतु रवाना किया गया। उक्त जानकारी जिला मिडिया प्रभारी पूरन लाल

# बरोंडा स्कूल में आनंद मेला का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 16 दिसंबर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरोंडा में आनंद मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संतोष उपाध्याय (पूर्व विधायक राजिम) थे. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती. की पूजा अर्चना के साथ किया गया.इस अवसर पर संतोष उपाध्याय ने कहा कि प्रत्येक बच्चों में प्रतिभा छुपी हुई रहती है ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से उनमें छुपी हुई प्रतिभा निखरकर सामने आती है. वहीं आनंद मेले का इंतज़ार छात्र छात्राओं को साल भर रहता है.उन्होंने आगे कहा कि आनंद मेला विद्यार्थियों को आनंद लेने के साथ साथ सीखने के अवसर भी प्राप्त होता है. आनंद मेला के समस्त उपक्रमों को क्रियान्वित करने से विद्यार्थियों में व्यावसायिक ज्ञान की वृद्धि होती है.





आनंद मेला में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए थे जिसमें मोमोस, चाउमीन, गुपचुप, मिर्ची भजिया, कटलेट, ब्रेड भजिया, आलू गुंडा, जलेबी, रसमलाई, गुलाब जामुन आदि व्यंजनों का ग्रामवासी एवं अभिभावक गण शाला में पहुंचकर इसका लुत्फ़ उठाते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया. वहीं पाककला का अवलोकन हेतु निर्णायक के रूप में रुपाली मैडम, पायल मैडम, सुअंजना उपाध्याय उपस्थित थे.कार्यक्रम के अंतिम सत्र में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मीता महाडिक व सोनल महाडिक उपस्थित थे. इस आयोजन को संचालित करने में संस्था के प्राचार्या ललिता अग्रवाल की अहम भूमिका रही. इस अवसर पर. सरपंच दानेंद्र सिंह उपसरपंच पारेश्वर यादव, सांसद प्रतिनिधि भारत सिंन्हा,पूरन लाल साहू(प्राचार्य बिजली ),शिक्षक तानसेन साहू,विजय मणि वर्मा, अभिषेक गोलछा,सुरेश देवांगन,अश्वनी साहू, उत्तम कुर्रे,एकता वर्मा,शोभना शिंदे, मिली घोष, रेखा शर्मा, गीता साहू,जीवन लाल साहू, नरेंद्र साहू, अमित कुम्भकार,ऋषि साहू, दुष्यंत साहू,विद्या साहू व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### पोनड़वाया मिलिशिया सदस्य का पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण

**बीजापुर, 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी,



बस्तर फाईटर के द्वारा किये जा रहे प्रयासों से छग शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर नेशनल पार्क एरिया कमेटी अन्तर्गत पोनड़वाया मिलिशिया सदस्य बलराम वाचम ऊर्फ बल्लू पिता करिया वाचम उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी पोनड़वाया पटेलपारा थाना कुटरू जिला बीजापुर द्वारा आज दिनांक 15/12/2023 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री आंजनेय वार्ष्णेय, अति0पुलिस अधीक्षक, ऑप्स श्री वैभव बेंकर, अति0पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रकांत गवर्ना, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी श्री विनीत साहू के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार,उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया ।बलराम वाचम ऊर्फ बल्लू , माओवादी संगठन में कार्य का विवरण-वर्ष 2019 में फरसेगढ़ एलओएस अन्तर्गत सीएनएम सदस्य के रूप में संगठन में भर्ती हुआ , गांव में नाच-गाना कर संगठन कर प्रचार प्रसार करना , लोगो को संगठन से जोड़ने का कार्य करता था । वर्ष 2019 से 2020 तक सीएनएम के पद पर कार्य किया । वर्ष 2021 में पोनड़वाया मिलिशिया सदस्य की जिम्मेदारी दी गई ।

महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल -27-28/10/2023 को विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा कर्मी को नुकसान पहुचाने की नीयत से ढ्ढश्वष्ठ प्लांट करने की घटना में शामिल ।

**संगठन छोड़ने का कारण-** संगठन में कार्यो की उपेक्षा करने एवं भेदभाव पूर्ण व्यवहार से त्रस्त होकर एवं छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए उक्त माओवादी द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया । आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 25000/- रूपये (पच्चीस हजार रूपये) नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।

### शिक्षा में व्यापक सुधार लाने जिला एवं ब्लॉक स्तर के समस्त अधिकारियों की बैठक



**बीजापुर, 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी, बस्तर फाईटर के द्वारा किये जा रहे प्रयासों से छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर नेशनल पार्क एरिया कमेटी अन्तर्गत पोनड़वाया मिलिशिया सदस्य बलराम वाचम ऊर्फ बल्लू पिता करिया वाचम उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी पोनड़वाया पटेलपारा थाना कुटरू जिला बीजापुर द्वारा आज दिनांक 15/12/2023 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री आंजनेय वार्ष्णेय, अति0पुलिस अधीक्षक, ऑप्स श्री वैभव बेंकर, अति0पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रकांत गवर्ना, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी श्री विनीत साहू के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार,उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया ।बलराम वाचम ऊर्फ बल्लू , माओवादी संगठन में कार्य का विवरण-वर्ष 2019 में फरसेगढ़ एलओएस अन्तर्गत सीएनएम सदस्य के रूप में संगठन में भर्ती हुआ , गांव में नाच-गाना कर संगठन कर प्रचार प्रसार करना , लोगो को संगठन से जोड़ने का कार्य करता था । वर्ष 2019 से 2020 तक सीएनएम के पद पर कार्य किया । वर्ष 2021 में पोनड़वाया मिलिशिया सदस्य की जिम्मेदारी दी गई ।

### उपस्थित होकर अभिमत देने अंतिम अवसर

**बीजापुर, 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वाहन क्रमांक CG18N-6872 (Agricultural Tractor) के वाहन स्वामी श्री सोनु राम पोड़ियाम पिता श्री टोकरा पोड़िया के नाम पता- ग्राम नैमेड़ गागरूपारा बीजापुर जिला- बीजापुर (छ.ग.) को सूचित किया गया है कि महिन्द्रा & महिन्द्रा फायनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड के द्वारा उक्त वाहन को अपने कब्जे में लेने उपरान्त मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 51 के अन्तर्गत एफ.आर.सी. पंजीयन प्राधिकार के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। आपको कार्यालयीन पत्र क्रमांक/550/जि.प.अ./कर/शाखा/2023 दन्तेवाड़ा दिनांक 31.10.2023 एवं कार्यालयीन पत्र क्रमांक/556/जि.प.अ./कर/शाखा/2023 दन्तेवाड़ा दिनांक 16.11.2023 के द्वारा दिनांक 28.11. 2023 को कार्यालय में उपस्थित हो कर अपना अभिमत देने के संबंध में पत्र प्रेषित किया गया था। परन्तु आपके द्वारा दूसरे पत्र को स्वीकार करने से इंकार कर दिया गया है।अतः आपको अंतिम अवसर प्रदाय किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाश के सात दिवस के भीतर जिला परिवहन अधिकारी दंतेवाड़ा के समक्ष उपस्थित होकर अपना अभिमत देना सूनिश्चित करें। आपकी अनुपस्थिति को आपकी सहमति समझकर पंजीयन प्राधिकारी के द्वारा निर्णय पारित किया जा सकेगा।

### गुरू घासीदास जयंती 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

**रायगढ़, 16 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गुरू घासीदास जयंती 18 दिसम्बर 2023 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने उक्त शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ), कम्पोजिट मदिरा (सी.एस.-2घघ कंपोजिट) एवं विदेशी मदिरा (एफ.एल.-1 घघ), दुकानों, देशी मदिरा भंडागार एवं समस्त होटल बारों (एफ.एल.-3 )को पूर्ण रूप से बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी किया है।

# एचडीएफसी लाइफ ने क्लिक 2 अचीव लॉन्च किया

**बिलासपुर, 16 दिसंबर।** भारत की अग्रणी लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने एक नया प्रोडक्ट एमडीएफसी लाइफ क्लिक 2 जीव लॉन्च किया है। यह एक गारंटीड सेविंग्स लाइफ इंश्योरेंस प्लान है। यह प्लान अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने एवं उनके वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। आपको अपने पोर्टफोलियो में एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव क्यों शामिल करना चाहिए। पालिसी खरीदने के अगले महीने से ही एक गारंटीकृत तत्काल आमदनी का लाभ उठाने का विकल्प यह पूरी तरह लचीला (सुविधाजनक) होगा आप अपने प्लान को तत्काल आमदनी, लंबी अवधि की आमदनी, एकमुश्त या पीरियड लम्पसम (मनी ब्रेक) जैसे लाभ प्राप्त करने के लिए कस्टमाइज कर सकते हैंआप इसमें अपनी इच्छा के अनुसार सुरक्षा स्तर और फ्लेक्सिबल सम एश्योर्ड एवं राइडर बेनिफिट्स चुन सकते

#### एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव के कुछ खास फीचर्स क्या हैं?

अपने नगद प्रवाह निर्धारित करने की अमता, जिसे आप अपने सभी सपने पूरे कर सकेंगे और साथ ही गारंटी केरूप में अतिरिक्त सुरक्षा आप अपनी आमदनी पर महंगाई का प्रभाव कम करने के लिए इन्क्रीसिंग इनकम विकल्प चुन सकते हैं अपने सर्वाइवल बेनिफिट्स को गेविंग्स बैंक अकाउंट + 1.5त्न की दर से बढ़ाने की सुविधा अपनी ऋक्कराशि (रिटर्न ऑफ प्रीमियम) और जब से आप इसे प्राप्त करना चाहते हैं उस वर्ष को चुनने की सुविधाइस लॉन्च पर बोलते हुए, बनीश खत्रा, हेड प्रोडक्ट्स एंड सेग्मेंट्स, एचडीएफसी लाइफ ने कहा, ÷हर काम की शुरुआत एक सपने से होती है, और सपना कितना ही बड़ा क्यों ना हो, इसे सच बनाने के लिए आपको तुरंत एक सुरक्षित कदम के साथ शुरुआत करनी होगी। इसी प्रकार, जीवन लक्ष्य भी नियमित बचत एवं योजना बनाने में ही पूरे होते हैं। आप भी एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव प्रोडक्ट के साथ आज ही अपने सपनों को पूरा करने के लिए पहला सुरक्षित कदमउठा सकते हैं। यह एक ऐसा प्लान है, जो गारंटीकृत रिटर्न्स की रक्षा के साथ अनलिमिटेड कॉम्बिनेशन प्रदान करता है।

अस्वीकरण- चुने गए बढ़ते आय प्रतिशत के आधार पर प्रति वर्ष 1 से 10त्न साधारण ब्याज। आय और शीघ्र आय विकल्प के लिए लागू, ÷0/50/75/100/125/200 प्रतिशत और 1, 5वें 10वें, 15, 20, 25, 35 और अंतिम भुगतान वर्ष में से चुनें। बशर्ते सभी देय प्रीमियम चुका दिए गए हों भुगतान कर दिया गया है और पॉलिसी लागू है।एचडीएफसी लाइफ के बारे में 2000 में स्थापित, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एचडीएफसी लाइफ/कंपनी) भारत में एक अग्रणी, सूचीबद्ध, दीर्घकालिक जीवन बीमा समाधान प्रदाता है, जो व्यक्तिगत और समूह बीमा समाधानों की एक श्रृंखला पेश करती है जो ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करती है। जैसासुरक्षा, पेंशन, बचत, निवेश, वार्षिकी, और स्वास्थ्य। कंपनी के पोर्टफोलियो में 60 से अधिक उत्पाद (व्यक्तिगत और समूह उत्पादों सहित) और वैकल्पिक राइडर्स हैं, जो ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

एचडीएफसी लाइफ -एचडीएफसी लाइफ को पूर्ववर्ती हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचडीएफसी लिमिटेड), और एबर्डन (मॉरीशस होल्डिंग्स) 2006 लिमिटेड (पूर्व में स्टैंडर्ड लाइफ (मॉरीशस होल्डिंग्स) 2006 लिमिटेड), एक वैश्विक निवेश कंपनी द्वारा प्रवर्तित किया गया था।

## एक नजर

### जिले में अब तक 2 लाख 21 हजार 163 मेट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी

**बालोद, 16 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बालोद जिले में खरीफविपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 194 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 57 हजार 261 किसानों द्वारा कुल 02 लाख 21 हजार 163 मेट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 485 करोड़ 09 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 01 लाख 91 हजार 105 मेट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 01 लाख 22 हजार 189 मेट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 98 हजार 973 मेट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 4511 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 18 हजार 839 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

### प्लेसमेंट कैंप 26 व 27 दिसम्बर को

**बालोद, 16 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बालोद जिले में सेफइंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई के द्वारा सुरक्षाकर्मियों की भर्ती हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में 26 दिसम्बर 2023 एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा में 27 दिसम्बर 2023 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केंदद्र बालोद ने बताा कि इसके अंतर्गत कार्य क्षेत्र रायपुर, भिलाई, दुर्ग एवं राजनांदगांव के लिए सिक्यूरिटी गार्ड (केवल पुरुष) के 100 पद के लिए शैक्षणिक योग्यता पांचवी एवं आठवीं एवं इसके लिए निर्धारित आयु सीमा 20 से 45 वर्ष तथा मासिक वेतनमान 8000 हजार से 10, 000 तक निर्धारित की गई है। इसी तरह सिक्यूरिटी गार्ड (केवल पुरुष) के 200 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता दसवीं/बारहवीं एवं इसके लिए निर्धारित आयु सीमा 20 से 45 वर्ष तथा मासिक वेतनमान 10, 000 हजार से 12, 000 तक निर्धारित की गई है। इसी तरह सिक्यूरिटी सुपरवाईजर (केवल पुरुष) के 50 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता बारहवीं/ग्रेजुएट एवं इसके लिए निर्धारित आयु सीमा 25 से 45 वर्ष तथा मासिक वेतनमान 11, 000 हजार से 15, 000 तक निर्धारित की गई है।

### निधन

#### मंगलीन बाई साहू



**भाटापारा, 16 दिसम्बर।** ग्राम ढाबाडीह भाटापारा निवासी मंगलीन बाई साहू 62 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे पीताम्बर साहू की पत्नी, परमेश्वर, मुरारी की माँ, शंकर साहू की भाई बहू, बिसम्भर, कुंवरसिंह की भाभी थी। ढाबाडीह स्थित शमशान घाट मे अंतिम संस्कार किया गया ग्रामीण जन शामिल हुये तथा भरा पूरा परिवार छोड़ गयी।

---

छत्तीसगढ़ की खेलनीति में सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता — jasclaudius@gmail.com

# आबंटित राशि की होती है खेल विकास में प्रमुख भूमिका

**जसवंत क्लाडियस, तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

2023 के विधानसभा चुनाव ने इस प्रदेश की तस्वीर को बदल कर रख दी है। इसकी वजह से खेल से जुड़े तथाकथित अवसरवादियों की तकदीर गर्त में जायेगी। छत्तीसगढ़ में खेलकूद का माहौल बनाना है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इच्छा के अनुरूप ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले तो प्रदेश में खेल को महत्व देने वालों को वर्तमान सरकार द्वारा अपने भरोसे लेना होगा। उन्हें समझाना होगा कि खेल चाहे लोक, पारंपरिक, ग्रामीण या ओलंपिक खेल हो सभी की महत्ता को देखते हुए उनका सम्मान किया जायेगा। ओलंपिक में शामिल 28 प्रमुख खेलों में राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने पर खिलाड़ी के साथ ही साथ देश का नाम भी रौशन होता है। लोक, पारंपरिक व ग्रामीण खेलों से नागरिकों के जीवन में खेल की आवश्यकता को समझाया जाना आसान होता है। समय निकालने, आपसी प्रेम बढ़ाने और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने आदि के लिए किसी भी स्तर की प्रतियोगिता हो उसका महानता को बताया जा सकता है। खेलकूद केंद्रीय विषय के अंतर्गत है अतः केंद्र सरकार की नीति के अनुरूप खेलों को बढ़ावा दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभालते ही 1947 के पश्चात स्वतंत्र भारत में खेलकूद की स्थिति का जायजा लिया तो उन्हें बड़ी निराशा हुई। उन्होंने खेलो इंडिया नामक योजना की शुरुवात की जिसका सीधा अर्थ है खेल प्रतिभाओं का चयन जमीनी स्तर से हो। उनके खान पान, आवास, शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की नई परंपरा की शुरुवात हुई। इस तरह की योजनाओं के लिए बजट की जरूरत होती है। केंद्र सरकार ने खेलकूद को पूरे भारतवर्ष में बढ़ावा देने के लिए राशि की व्यवस्था लगभग कर ली है। लेकिन समस्या राज्यों में खेलमद में बजट आबंटन की है। छत्तीसगढ़ में खेलकूद के लिए व्यवस्थित बजट की आवश्यकता है। राज्य में वर्तमान सरकार के समक्ष आर्थिक स्थिति को देखते हुए किसी भी मद के बजट में राशि आबंटन एक बड़ी समस्या है। छत्तीसगढ़ खनिज, वन, जल स्त्रोत से भरपूर राज्य है। भारत में राज्य सरकारों की अधिसूचना से स्थापित वैधानिक निकाय को डीएमएफ अर्थात जिला खनिज फाउंडेशन कहते हैं। वस्तुतः यह खदान और खनिज (विकास तथा नियामक) एमेंडसेंट एक्ट के तहत गैर लाभकारी ट्रस्ट के रूप में भारत के प्रत्येक खनन जिले में है। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में लौह अयस्क, बाक्साइट, कोयला, चूना पत्थर, हीरा आदि पाया जाता है। यहां पर डीएमएफ ट्रस्ट के माध्यम से उन लोगों और इलाकों के हित और लाभ के लिए इसमें की राशि काम में लाई जाती है। आमतौर पर ऐसे क्षेत्र के रहवासियों के जीवन स्तर सुधारने स्वास्थ्य व शिक्षा व पर्यावरण के मद में राशि खर्च की जाती है। हमारे प्रदेश के जिलों में इस राशि को खेलकूद के विकास के लिए लगाने की शुरुवात जरूरी है। खेलकूद में सिर्फ खिलाड़ी का परिश्रम, अनुशासन ही नहीं परंतु उसके लिए उचित अधोसंरचना, खेल सामग्री, खान पान, प्रशिक्षण का विशेष महत्व होता है। पड़ोसी ओडीसा राज्य के मुख्यमंत्री नबीन पटनायक ने इसी तरह की राशि से आज अपने प्रदेश को विश्व खेलकूद स्थल के रूप में स्थापित कर लिया है। जिसके अध्ययन के लिए छत्तीसगढ़ की ओर से एक टीम को ओडीसा भेजे जाने की जरूरत है। छत्तीसगढ़ में डीएमफ फंड के अलावा अन्य सार्वजनिक उपक्रम, औद्योगिक संस्थाओं से भी विभिन्न खेलों को गोद लेने की नीति लागू करना चाहिए। इस तरह के प्रयास से संभव है हमारे प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ी छत्तीसगढ़ का नाम अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्थापित कर सकेंगे।

# किसानों ने की प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की मांग

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**कसडोल, 16 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का शपथ ग्रहण भी हो गया है परंतु आज तक प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी आरंभ नहीं हुई है। इसे लेकर किसानों में अब सुगबुगाहट चालू हो गई है जो कि आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के लिए शुभ संकेत नहीं है।

भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के पूर्व अपने घोषणा पत्र में वादा किया है कि यदि हमारी सरकार बनती है तो प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपये की दर से खरीदेंगे और सभी राशि एक मुश्त प्रदान करेंगे। जिस पर किसानों ने भरोसा करके भाजपा को वोट दिया।

अब फैसला लेने में, विलंब होने से भारतीय जनता पार्टी को आने वाले लोकसभा चुनाव में नुकसान हो सकता है क्योंकि सहकारी समिति में आज भी प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है और राशि भी, केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित ही दी जा रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य में एक नवम्बर से धान की खरीदी आरंभ है और 31 जनवरी 2024 तक ही खरीदी किया जाना है अर्थात 3 माह ही धान की खरीदी की जाती है जिसमें से डेढ़ माह निकल गया है और धान की आवक मात्र एक चौथाई हुई है शेष बचे डेढ़ माह में लगभग 70 से 75त्न धान किसानों से खरीदी किया जाना है। इससे साफ जाहिर है कि किसानों ने धान खरीदी की घोषणा 21 क्विंटल और 3100 रुपए के इंतजार में अभी तक अपना धान नहीं बेचा है। शेष डेढ़ माह में 70 से 75त्न धान खरीद पाना सहकारी समितियों (सोसाइटियों) के लिए महंगा पड़ सकता है क्योंकि इससे भारी अफ्रा तफ्री का सामना करना पड़ेगा। धान बेचने के लिए, बचे हुए किसानों के मध्य पहले बेचने की होड़ लगेगी।

वर्तमान में सहकारी समितियों द्वारा प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है और सरकार के 21 क्विंटल धान खरीदी के आदेश के बाद शेष बचे प्रति एकड़ 1 क्विंटल धान के लिए अलग से टोकन लेकर धान की बिक्री किया जाएगा। इन्हीं सब संभावित परेशानियों को देखते हुए लगभग सभी लघु व मध्यम किसानों ने, धान अभी तक नहीं बेचे हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित छत्तीसगढ़ राज्य की भाजपा सरकार से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के आदेश जारी करने की मांग की है। छत्तीसगढ़ राज्य की भाजपा सरकार से प्राथमिकता के आधार पर फैसले लेने की अपील किसानों ने की है क्योंकि कैबिनेट की पहली बैठक में आवास निर्माण का फैसला लिया गया है जबकि अभी धान खरीदी का समय चल रहा है।

# जैसे घी कभी दूध नहीं बन सकता वैसे ही जिनका निर्वाण हो गया उनका जन्म नहीं होता : मुनिश्री

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**तिल्दा-नेवरा, 16 दिसम्बर।** धर्म नगरी तिल्दा नेवरा में आयोजित श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन आदि तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी को तपस्या करते हुए कैलास पर्वत अष्टापद से मोक्ष प्राप्त होने के बाद पूज्य निर्यापक श्रमण मुनिश्री प्रसाद सागर जी मुनिराज ने अपने अनमोल वचनों में कहा कि जिस प्रकार दूध से दही मठा मक्खन बनाने के बाद घी बनाया जाता है लेकिन घी बनने के बाद उसे दूध नहीं बनाया जा सकता ठीक उसी तरह तीर्थंकरों का जीव ओर जो महान आत्माएं कठिन तपस्या करते हुए मोक्ष को प्राप्त करती हैं उनका जन्म नहीं होता जिनका निर्वाण हो गया वह फिर जन्म नहीं लेते।

श्रीमज्जिनेन्द्र पंच कल्याणक में आज तिल्दा नेवरा की पावन पवित्र धरा से भगवान आदिनाथ स्वामी को पंचकल्याणक के अंतिम दिवस मोक्ष कल्याणक में मोक्ष की प्राप्ति हुई। पूज्य मुनिश्री ने कहा जैन दर्शन कहता है एक बार जो घी बन गया वो दूध नहीं बन सकता इसी तरह निर्वाण प्राप्त करने वाले जीव का जन्म नहीं होता अवतार नहीं होता। जैन दर्शन में इसी तरह अवतार नहीं होते जो मोक्ष प्राप्त कर लिए जिनका निर्वाण हो गया वह कभी जन्म नहीं लेते वह जन्म मरण के बंधन से मुक्त हो चुके हैं पूज्य मुनि प्रसाद सागर जी ने आगे कहा भरत चक्रवर्ती ने आदि तीर्थंकर प्रभु को मोक्ष प्राप्त होने के बाद कैलास पर्वत पर सोने के मन्दिर बनवाये तिल्दा नेवरा की समाज ने पीले स्वर्ण रूपी भव्य जिनालय का निर्माण कराया ओर समाज धन्य हो गयी उन्होंने कहा कि भगवान की पूजन भक्ति से कर्मो का नाश होता है।

## कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा, 40 से अधिक ठेकेदारों को नोटिस

**बलौदाबाजार, 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन की कार्यों की विस्तृत समीक्षा की है। कार्य में लापरवाही, समय पर कार्य न पूर्ण करने, कार्य प्रारंभ ना करने, आधे अधूरे कार्य करने पर जिले के 43 ठेकेदारों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियो पर नाराजगी जताते हुए फील्ड में जाने के निर्देश दिए है। कुमार ने दो टूक कहा की जल जीवन मिशन में जिले की अच्छी स्थिति नही है। ठेकदार बहुत ही लापरवाही से कार्य कर रहे है। जिन स्थानों में अभी कार्य स्वीकृति मिलने पर भी कार्य प्रारंभ नही किए है ऐसे कार्यों को निरस्त करें साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबधित ठेकेदारों के फर्म को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही कलेक्टर कुमार ने कहा कि संबंधित अधिकारी मैदानी अमलो से प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट देने कहा है। आगे कलेक्टर ने कहा कि टेण्डर जारी होने के बाद ठेकेदारों द्वारा शीघ्र अनुबंध कर 15 दिन के अंदर कार्य प्रारम्भ कर देना चाहिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत लगाए जा रहे पाईप व नल इत्यादि की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पाईप बिछाने व टेस्टिंग का कार्य पूर्ण हो जाने के बाद संबंधित ठेकेदार के द्वारा गड्ढों को समय पर मिट्टी भरकर समतलीकरण कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी ठेकेदारों ने फील्ड में होने वाले व्यवहारिक समस्याओं के बारे में कलेक्टर को अवगत कराया।

## विकास से कोसों दूर हुआ भाटापारा, चुनाव परिणाम क्षेत्र के लिए दुर्भाग्यजनक: आशीष

**भाटापारा, 16 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में विशाल बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी ने विजय का परचम लहराया है।



चुनाव परिणाम के पूर्व सारे अनुमानों को ध्वस्त करते हुए प्रदेश की जनता ने प्रदेश के सत्ता की कमान भाजपा को सौंप दिया लेकिन भाटापारा विधानसभा का दुर्भाग्य रहा कि क्षेत्र की जनता प्रदेश में भाजपा की सत्ता के साथ तालमेल बैठाने में उचित निर्णय नहीं ले पाई।।दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम आने पर भाजपा नेता आशीष जायसवाल ने कहा कि यदि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र की जनता से चूक नहीं हुई होती तो निः संदेह भाटापारा क्षेत्र को कैबिनेट मंत्री के रूप मे दमदार नेतृत्व मिलता और आगामी 5 वर्षों में क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर बदलती।।रिकॉर्ड स्तर पर हर क्षेत्र में भाटापारा का चहुमुखी विकास हो पाता।।भाटापारा नगर के साथ-साथ समस्त ग्रामीण क्षेत्र में विकास की नयी दिशा मिलती लेकिन एक बार फिर भाटापारा का दुर्भाग्य रहा कि प्रदेश की सत्ता के विपरीत जनमत सामने आया है।। आने वाले 5 वर्षों में क्षेत्र के विकास की गति लगभग रुक जाएगी। वर्तमान चुनाव परिणाम के बाद भाटापारा क्षेत्र की जनता अपने कद्दावर नेता को विधानसभा पहुंचा नही पायी।

**अकेले लड़ी थी भाटापारा शाखा नहर की लड़ाई:** 30 जनवरी 1976 को तात्कालिक मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ल ने भाटापारा शाखा नहर निर्माण का भूमि पूजन किया था।।भूमि पूजन के बाद नहर निर्माण का कार्य लगभग बंद हो चुका था लेकिन लगभग 25 वर्षों के संघर्ष के बाद स्व्ह्र रमन की सरकार में शिवरतन शर्मा के प्रयास से शाखा नहर के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत हुए और निर्माण कार्य तेजी से प्रारंभ हुआ। उन प्रयासों का ही परिणाम था कि क्षेत्र के लगभग 60000 एकड़ से अधिक रकबे में आज सिंचाई की सुविधा पहुंच गई है यदि विधानसभा चुनाव 2023 में क्षेत्र की जनता भाजपा पर भरोसा करती तो शेष बचा नहर का काम भी समय रहते पूर्ण हो जाता और क्षेत्र के किसानों को प्रत्यक्ष रूप से बड़ा लाभ मिलता।।

**संपूर्ण विकास केवल भाजपा की देन:** विगत 40 वर्षों में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की ओर देखें तो स्पष्ट होता है कि ट्रेजरी से लेकर एसडीएम कार्यालय की स्थापना के साथ व्यवहार न्यायालय, अंडर ब्रिज ओवर ब्रिज, ला कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, कृषि महाविद्यालय, हाय स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूलों का उन्नयन, ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों का जाल, नगर में गौरव पथ, बाईपास सड़कों का निर्माण, पानी टंकी से लेकर करोड़ की पाइपलाइन योजना का विस्तार, सैकड़ो की संख्या में विभिन्न सामाजिक भवनो के निर्माण से लेकर भाटापारा नगर भवन, स्टेडियम, कॉलेज भवन जैसे अनगिनत विकास कार्यों की योजना भाजपा शासन काल में ही पूरी हो पाई।


## कार्यालय कलेक्टर (आबकारी), जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

क्रमांक/आब./सी.एस.एम.सी.एल./2022/1985 — बेमेतरा, दिनांकः 13/12/2023

**//संक्षिप्त ( द्वितीय ) निविदा सूचना//**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए दिनांक 03.10.2023 को बेमेतरा जिले के 05 देशी/05 विदेशी/06 कम्पोजिट मदिरा दुकान इस प्रकार कुल 16 मदिरा दुकानों में लगे हुए सी.सी.टी.व्ही. कैमरा एन.व्ही.आर. एवं उससे संबंध समस्त उपकरणों के वार्षिक अनुरक्षण कार्य के लिए दिनांक 03.10.2023 को संक्षिप्त निविदा सूचना क्रमांक/आब./सी.एस.एम.सी.एल/2023/548 जारी की गयी थी। निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक एक भी निविदा प्राप्त न होने के कारण यह द्वितीय संक्षिप्त निविदा सूचना प्रकाशित की जा रही है।

निविदा प्रस्तुत करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप, शर्त एवं जिले की मदिरा दुकानों की सूची, निविदा सूचना प्रकाशन के उपरांत दिनांक 27.12.2023 को 03:00 बजे अपरान्ह तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला बेमेतरा (छ.ग.) से निर्धारित शुल्क जमा किया जाकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र का मूल्य 2000/- रूपये तथा धरोहर राशि 50,000/- रूपये निर्धारित है, जो कि किसी राष्ट्रीकृत बैंक से जारी डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में तथा जिला प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल. बेमेतरा के नाम से देय हो। विस्तृत निविदा शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है। मुहरबंद निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 28.12.2023 को समय अपरान्ह 3:00 बजे तक नियत है एवं दिनांक 28.12.2023 को ही समय सायं 4:00 बजे निविदा मूल्यांकन समिति के समक्ष निविदा खोली जावेगी। निविदा जमा करने की तिथि को छोड़कर शेष नियम एवं शर्तें पूर्व में जारी निविदा के अनुसार यथावत् रहेंगी।

**(कलेक्टर महो. द्वारा अनुमोदित)**

**जिला आबकारी अधिकारी**
**हेतु कलेक्टर**
**जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**जी-06428/3**

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर, मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)
## निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 139/149857 | सिलयारी सेक्शन क्र.-2 रायपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेच रिपेयर कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | रू. 49.54 लाख |
| 173/149859 | वार्षिक संधारण मद वर्ष 2023-24 के अंतर्गत साईंस कालेज आंतरिक मार्ग के कि.मी. 1/2 से 4/6(100) में डामर नवीनीनकरण कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | रू. 44.42 लाख |
| 158/149860 | Annual Repair for Work for BT Renewal Work at Residential and Non-Residential Buildings Raipur C.G (तृतीय आमंत्रण) | रू. 59.20 लाख |
| 189/149864 | विधानसभा उपसंभाग के अंतर्गत विजेता कॉम्पलेक्स सेक्शन के भवनों में एम.ओ.डब्ल्यू. एवं विशेष मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 30.00 लाख |
| 145/149865 | मेटेंनेंस उपसंभाग के अंतर्गत सेक्शन क्र.-3 के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग का कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | रू. 40.00 लाख |

एन.आई.टी. क्र.139 सिस्टम टेन्डर नं.149857, एन.आई.टी. क्र. 173 सिस्टम टेन्डर नं.149859, एन.आई.टी. क्र.158 सिस्टम टेन्डर नं.149860 एवं एन.आई.टी. क्र.145 सिस्टम टेन्डर नं.149865 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 22.12.2023 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 189 सिस्टम टेन्डर नं.149864 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.12.2023 समय सायं 5:30 बजे तक।

सभी सक्षम एवं उपयुक्त निविदाकार उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी देखने एवं उपलोड करने हेतु ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल - **https://eproc.cgstate.gov.in** पर इंरोल कर निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग,**
**मण्डल क्र.-1 रायपुर (छ.ग.)**

**जी-06393/2**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई
## (संपत्तिकर विभाग)

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2023/1055/391 — भिलाई, दिनांक 14/12/2023

**//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//**

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम, भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चौहान टाउन-I, फेस-III, चौहान हाउसिंग कंपनी, 'चौहान ग्रीन वैली', अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, पार्टनर-श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत (दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर, सुपेला, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव, आ. श्री सत्य प्रकाश श्रीवास्तव निवासी-फ्लैट नं. 01, प्रथम तल, ब्लाक-'A14', चौहान हाउसिंग कंपनी 'चौहान ग्रीन वैली', मे. चौहान टाउन-I, फेस-III, अपोजिट चौहान टाउन जुनवानी, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड क्र. 01 चौहान हाउसिंग कंपनी 'चौहान ग्रीन वैली', मे. चौहान टाउन-I, फेस-III, अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 01, प्रथम तल, ब्लाक-'A14', क्षेत्रफल-595.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 2 | डॉ. संगीता सिन्हा पति डॉ. राजेश कुमार सिन्हा निवासीः- मकान नं. बी 37, चौहान टाउन जुनवानी रोड, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) से 1. श्रीमती विनीता तिर्की, पति श्री शिव कुमार, 2. शिव कुमार, पिता श्री राम लाल सोनी, निवासी-सी-2/4, एस.बी.आई. कालोनी, सेक्टर 08, वार्ड नं. 52 भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | शिव कुमार पिता श्री राम लाल सोनी एवं गितिका सोनी पिता श्री शिव कुमार सोनी, निवासी-सी-2/4 एस.बी.आई कालोनी, सेक्टर 08, वार्ड नं. 52, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा/ वारिसान | कोहका, वार्ड नं. 08, रानी अवंतिबाई कोहका वार्ड, (सूर्या रेसीडेन्सी) भिलाई, फ्लैट क्र. गोल्ड 201, ब्लॉक नं.-सी, द्वितीय तल, क्षेत्रफल-1209.00 वर्गफीट पर आवासी फ्लैट निर्मित। |
| 3 | चौहान टाउन-I, फेस-III, चौहान हाउसिंग कंपनी, 'चौहान ग्रीन वैली', अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, पार्टनर-श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत (दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्री सुबीर घोष, पिता स्व. श्री शंभुनाथ घोष निवासीः- फ्लैट नं. 11, तृतीय तल, ब्लाक-'A9', चौहान हाउसिंग कंपनी 'चौहान ग्रीन वैली', मे. चौहान टाउन-I, फेस-III, अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड क्र. 01 चौहान हाउसिंग कंपनी 'चौहान ग्रीन वैली', मे. चौहान टाउन-I, फेस-III, अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 11, तृतीय तल, ब्लाक-'A9', क्षेत्रफल-595.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 4 | 'चौहान हाउसिंग' (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई प्रोपराईटर- श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत (दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्री अमरेन्द्र शर्मा, पिता श्री मुनेश्वर शर्मा, 2. श्रीमती रिंकु शर्मा, पति श्री अमरेन्द्र शर्मा, निवासी-एल.आई.जी.-380, पुराना दीन दयाल परिसर, जुनवानी भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड 01 'चौहान हाउसिंग' (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट-चौहान टाउन खम्हरिया व जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 16, ब्लाक-'E6', द्वितीय तल, 501.99 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 5 | 'चौहान हाउसिंग' (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई प्रोपराईटर- श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत (दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्री दिलीप गुरूदयाल समलिया, आ. स्व. गुरूदयाल समलिया, निवासी-एल.आई.सी. कॉलोनी, बी-5, सेक्टर-06 भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड 01 'चौहान हाउसिंग' (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट-चौहान टाउन खम्हरिया व जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 21, ब्लाक-'B5', छठा तल, 840.00 वर्गफीट पर आवासी फ्लैट निर्मित। |
| 6 | श्री जयकिशन आहुजा आ. स्व. साबल दास आहुजा, निवासी-ब्लॉक नं. 13, प्लॉट नं.-04, नेहरू नगर पश्चिम भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती रोशनी रूपेश शिरभाते, ध.पं. श्री रूपेश शिरभाते, निवासी-एल.आई.जी. 5/2, नेहरू नगर पूर्व भिलाई, तह.व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, स्मृति नगर वार्ड क्र.02 (स्मृति नगर अन्दर भाग), भिलाई, खसरा नं.:- 446/10, क्षेत्रफल-1500 वर्गफीट, आवासी भवन निर्मित। |
| 7 | श्रीमती मंजू त्रेहान, पति स्व. अशोक त्रेहान, निवासी-एम.आई.जी. 596, पद्मनाभपुर दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | प्रवीण त्रेहान, पिता स्व. अशोक त्रेहान, निवासीः- प्लाट नं. 18, महाराजा चौक के पास, बोरसी रोड, दुर्ग तह. व जिला (छ.ग.) | दानपत्र | चौहान ग्रीन वेली जुनवानी भिलाई, (वार्ड क्रमांकः-01 जुनवानी वार्ड के जुनवानी चौक से चिखली नाला धमधा रोड की ओर अंदर भाग), फ्लैट नबर 03, ब्लाक नम्बर-ए1, प्रथम तल, क्षेत्रफल-595.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |

**उपायुक्त (संपत्तिकर)**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**



# सुशासन का सूर्योदय



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin

मोदी की गारंटी

छत्तीसगढ़ के
## 18 लाख से अधिक
पात्र परिवारों को अब मिलेगा पक्का आवास

मुख्यमंत्री
## श्री विष्णु देव साय
उप मुख्यमंत्री द्वय
श्री अरुण साव एवं श्री विजय शर्मा
ने पहली केबिनेट बैठक में लिया ऐतिहासिक निर्णय
हर पात्र परिवार को मिलेगा प्रधानमंत्री आवास



## हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे

संकल्प निभाएंगे
छत्तीसगढ़ को खुशहाल बनाएंगे

संवाद आर.ओ. 39115/24

सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23